फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 52, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 20 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में एक और मामला दर्ज

# 78 गिरफ्तार...अमृतपाल की तलाश



**चंडीगढ़ः अमृतपाल** सिंह और उसके कुछ साथियों के खिलाफ अवैध हथियार रखने के सिलसिले में रविवार को एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अमृतसर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतिंदर सिंह ने कहा कि अमृतपाल के सात साथियों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस ने शनिवार को अमृतपाल के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई शुरू की थी, जिसमें पुलिस ने उसके नेतृत्व वाले एक संगठन के 78 सदस्यों को गिरफ्तार किया था।

**अमृतपाल को पकड़ने के लिए शिकार जारीः** हालांकि अमृतपाल को पकड़ने के लिए शिकार जारी है, जिसने शनिवार को जालंधर जिले में उसके काफिले को रोके जाने पर पुलिस को चकमा दे दिया था। पुलिस ने 23 फरवरी को अजनाला कांड में अमृतपाल और उसके साथियों के खिलाफ पहले ही प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। रविवार को अमृतसर में पत्रकारों से बात करते हुए एसएसपी ने कहा कि पुलिस ने शनिवार को जालंधर के मेहतपुर के पास स्वयंभू सिख उपदेशक के सात सहयोगियों को गिरफ्तार किया था।

**12 बोर की बंदूकें और कुछ कारतूस जब्त किए गएः** पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे अमृतपाल के काफिले का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि छह 12 बोर की बंदूकें और कुछ कारतूस जब्त किए गए हैं, जो अवैध हैं। शनिवार की रात सात आरोपियों की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए एसएसपी ने कहा कि हमने कल रात आर्म्स एक्ट के तहत एक नई प्राथमिकी दर्ज की है जिसमें अमृतपाल मुख्य आरोपी है।



**अमृतपाल पर एनएसए लगाया जा सकता है, फाइनेंसर गिरफ्तारः** अमृतपाल की गिरफ्तारी की सूचना शनिवार दोपहर में आई थी मगर देर रात पुलिस ने बताया कि वह फरार हैं। उनकी गाड़ी नकोदर में खड़ी मिली। सूत्रों के मुताबिक अमृतपाल का मोबाइल फोन भी इसी गाड़ी में मिला। सूत्रों के मुताबिक, उस पर एनएसए लगाया जा सकता है। अमृतपाल के फाइनेंसर दलजीत सिंह कलसी को अरेस्ट कर लिया गया है। वह एक्टर और प्रोड्यूसर है। पुलिस अब तक वारिस पंजाब दे से जुड़े 100 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। 8 राइफलें और रिवॉल्वर भी बरामद की गई हैं। अमृतपाल को शनिवार को गिरफ्तार करने की कोशिश की गई थी।

## अजनाला हमले में अमृतपाल के सात सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़ः** अजनाला हमले के मामले में अमृतसर देहात पुलिस ने अमृतपाल के सात सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी ग्रामीण अमृतसर सतिंदर सिंह ने बताया कि शनिवार रात उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और प्राथमिकी में अमृतपाल सिंह मुख्य आरोपी है। आरोपियों को मेहतपुर के पास से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजय पाल, गुरवीर सिंह, बलजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, गुरलाल सिंह, अमनदीप और सावित सिंह के रूप में हुई है। अमृतपाल मौके से फरार हो गया और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। आरोपियों के पास से 12 बोर के छह हथियार बरामद किए गए हैं और सभी हथियार अवैध हैं। गिरफ्तार किए गए 7 लोगों में से एक आरोपी हरविंदर सिंह के पास लाइसेंस था लेकिन उसके पास 312 बोर की 139 गोलियां थीं, जो निर्धारित सीमा से अधिक है। अमृतपाल के कहने पर गुरपेश ने उसे ये गोलियां दीं। ये सभी बरामद कर लिए गए हैं। खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के समर्थकों की धरपकड़ रविवार को भी जारी रही। रविवार को बठिंडा पुलिस ने उसके तीन साथियों को हिरासत में लिया। वहीं लुधियाना से भी उसके 15 समर्थकों को राउंडअप किया गया है। वहीं तरनतारन से उसके आठ सहयोगियों को हिरासत में लिए जाने की सूचना है।

## पंजाब में सोमवार तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी

**चंडीगढ़ः** खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ शनिवार को की गई बड़ी कार्रवाई के बाद सरकार ने पंजाब में इंटरनेट सेवाएं सोमवार को दोपहर 12 बजे तक बंद कर दी है। इसके साथ ही एसएमएस सेवाएं भी बंद की गई हैं। पंजाब सरकार ने पहले रविवार को दोपहर 12 बजे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रखने की घोषणा की थी, लेकिन आज सरकार ने इसकी अवधि बढ़ा दी है। इंटरनेट के साथ एसएमएस. सेवाएं भी अब सोमवार 20 मार्च को दोपहर 12 बजे तक बंद रहेंगी, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। सिख कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह अभी भी पंजाब पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जालंधर सीपी केएस चहल ने बताया कि करीब 20-25 किलोमीटर तक पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन वह भागने में सफल रहा। पुलिस ने कल उसे भगोड़ा घोषित किया था। हमने कई हथियार और 2 कार भी जब्त की हैं। बरामद हथियारों की जांच की जा रही है। मॉडल टाउन इलाके में पंजाब पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने फ्लैग मार्च किया गया है। तलाश जारी है और हम उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे। कानून व्यवस्था बनी रहेगी। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में छापेमारी कर रही है।

**अमृतपाल समर्थकों का प्रदर्शन जारी**

**चंडीगढ़ः** खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह पर कार्रवाई के विरोध में शनिवार शाम को वाईपीएस चौक पर धरने पर बैठे कौमी इंसाफ मोर्चा में शामिल निहंगों ने तलवारों के साथ नारेबाजी की थी। इसके बाद उन्होंने गुरुद्वारा सिंह शहीदां की तरफ कूच किया और एयरपोर्ट रोड पर जाम लगा दिया। इसके बाद देर रात ढाई बजे एक तरफ का रास्ता खोल दिया गया। सूत्रों के अनुसार, कौमी इंसाफ मोर्चा के सदस्य वापस वाईपीएस चौक लौट गए लेकिन अमृतपाल के समर्थक एयरपोर्ट रोड पर ही बैठे रहे। वहीं रविवार सुबह एक बार फिर एयरपोर्ट रोड को जाम कर दिया गया।

**आठ फरवरी को मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर हुई थी झड़पः** वाईपीएस चौक पर सात जनवरी से धरनाकारी बंदी सिखों की रिहाई के लिए धरने पर बैठे हैं। चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर कौमी इंसाफ मोर्चे में शामिल निहंगों और पुलिस के बीच आठ फरवरी 2023 को हिंसक झड़प हो गई थी।

## संयुक्त किसान मोर्चा आज रामलीला मैदान पर करेगा महापंचायत




**नई दिल्लीः** संयुक्त किसान मोर्चा ने दिल्ली में सोमवार को किसान संगठनों की महापंचायत करने का एलान किया है। यह कार्यक्रम रामलीला मैदान में सुबह 10 से शाम 3.30 बजे तक बैठक करेगा। इस दौरान किसान एमएसपी जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरने की तैयारी करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि केंद्र सरकार ने बीते 14 महीने में किसानों के लिए कुछ नहीं किया।

**किसानों को भेजे जा रहे नोटिसः** महापंचायत से पहले संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने बताया कि किसान आंदोलन के दौरान दर्ज हुए मुकदमों में यूपी के कई किसानों को पुलिस के नोटिस जा रहे हैं। यहां तक की कई किसान नेताओं को डोमेस्टिक फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें घंटों डिटेन कर के रखा जाता है, जिसका हम विरोध करते हैं।

**32 किसान संगठन पहुंचेंगे जंतर-मंतरः** दिल्ली के रामलीला मैदान पर होनी वाली बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

इसमें 32 किसान संगठन भाग लेंगे। देश के कोने-कोने से किसान दिल्ली पहुंचेंगे।

**जबरन किया जा जमीन अधिग्रहणः** सरकार जबरन किसानों की जमीन अधिग्रहण कर रही है। नोएडा के जेवर में हमारा आंदोलन जारी है। रात को किसान फसलों की रखवाली करता है, ऐसे में कोई जानवर किसान को मार देता है तो उन्हें मुआवजा नहीं मिल रह है। सरकार से हमारी अपील है कि वो हमारी समस्याओं का जल्दी समाधार करें वरना आने वाला चुनाव उन्हें बहुत भारी पड़ेगा।

## यूपीः बिजली कर्मियों की हड़ताल 65 घंटे बाद खत्म

### ऊर्जा मंत्री-कर्मचारी नेताओं की बैठक में बनी सहमति, बहाल होंगे बर्खास्त कर्मचारी

**लखनऊः** यूपी में बिजली कर्मियों की हड़ताल खत्म हो गई है। 65 घंटे चली हड़ताल से यूपी की जनता परेशान थी। रविवार दोपहर को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और बिजली कर्मचारी नेताओं के बीच दूसरे राउंड की बैठक में बात बनी। इसके बाद बिजली कर्मचारी संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने हड़ताल खत्म होने का ऐलान किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री भी मौजूद रहे। शैलेंद्र दुबे ने कहा, "सरकार ने जिन 3000 बिजली कर्मचारियों को नौकरी से बाहर किया है। उनको वापस लिया जाएगा। इसके अलावा, 22 लोगों पर एस्मा लगाया था, 29 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। इसे भी सरकार वापस लेगी। यह हड़ताल ऊर्जा मंत्री के आश्वासन और हाईकोर्ट के सम्मान में वापस हुई है। हालांकि, एक बार फिर से कर्मचारियों को कहीं भी कोई लिखित आश्वासन नहीं मिला है।"



**दूसरे राउंड की बैठक में नहीं पहुंचे थे मंत्रीः** रविवार सुबह 11 बजे दूसरे राउंड की वार्ता के लिए कर्मचारी नेता बैठक में पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे तक मंत्री का इंतजार किया। मगर, ऊर्जा मंत्री नहीं आए। इसके बाद संघर्ष समिति के नेता चले गए। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के शैलेंद्र दुबे ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने रविवार को बातचीत के लिए बुलाया था। इसलिए, हम लोग आए थे। लेकिन, मंत्री नहीं आए।

**पहले राउंड की वार्ता 3 घंटे चलीः** इससे पहले, शनिवार रात ऊर्जा मंत्री और विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बीच 3 घंटे की पहली मैराथन बैठक हुई। मगर, इसमें कोई नतीजा नहीं निकला। बिजली कटौती से प्रदेश में करीब 50 लाख उपभोक्ता परेशान हैं।

**इसलिए पहले राउंड की बैठक रही बेनतीजा ?ः** सूत्रों के मुताबिक, शनिवार रात की बैठक में ही आंदोलन वापस लेने पर सहमति बन गई थी।

## नोटिस का नहीं मिला जवाब तो राहुल गांधी के घर पहुंची दिल्ली पुलिस

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस कांग्रेस नेता राहुल गांधी के घर पहुंची है। कश्मीर में राहुल के बयान पर दिल्ली पुलिस उनसे बात करना चाहती है। जानकारी के लिए बता दें कि 16 मार्च को दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को नोटिस दिया था लेकिन राहुल ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद दिल्ली पुलिस आज उनके घर पहुंची है। दरअल कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कश्मीर में कहा था कि उन्होंने महिलाओं से मुलाकात की है उनसे कई महिलाओं ने यौन उत्पीड़न की शिकायत की है।

## न्यायपालिका-जजों को धमकी दी जा रहीः संजय

**मुंबईः** उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने रविवार को भाजपा सरकार पर जमकर हमला किया। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का बचाव भी किया। राउत ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं को सरकार के खिलाफ बोलने नहीं दिया जाता है। राउत ने कहा, 'देश में जारी तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आवाज उठाई है। इसलिए उनका सांसद सदस्यता रद्द करने का आंदोलन चल रहा है।' राउत ने कहा, कानून मंत्री ने कुछ रिटायर्ड जजों को 'भारत विरोधी गिरोह' का हिस्सा बताया है। ये न्यायपालिका पर दबाव बनाने और न्यायाधीशों को धमकाने की कोशिश हो रही है। संजय राउत ने कानून मंत्री किरण रिजिजु का भी जिक्र किया। कहा, 'न्यायपालिका को धमकी दी जा रही है। कानून मंत्री न्यायपालिका से कहते हैं कि जो हम बोल रहे हैं उसे अगर आपने नहीं किया तो हम देखेंगे। ये क्या है? इसका क्या मतलब निकाला जाए? साफ-साफ वो न्यायपालिका को धमकी दे रहे हैं। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ कहते हैं कि न्यायपालिका पर कोई दबाव नहीं है, लेकिन हकीकत तो ये है कि दबाव है।' आगे उन्होंने कहा, 'जिस पद पर रहते हुए कभी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने संविधान लिखी थी, उसी पद पर बैठे जज को आप (कानून मंत्री) धमकी दे रहे हैं? यह भाषा कानून मंत्री को शोभा नहीं देती। सत्ता में आने के बाद से ये सरकारें दखल दे रही हैं। सरकार सुप्रीम कोर्ट को अपनी जेब में डालने की कोशिश कर रही है।' उन्होंने इसे एक गंभीर मुद्दा बताते हुए पूछा कि क्या सरकार के खिलाफ बोलना गुनाह है? क्या शासकों की यह इच्छा है कि देश की न्यायपालिका स्वतंत्र न रहे?



## बिहार में सड़क संरचना राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप विकसित हो रही : तेजस्वी

**पटनाः उप** मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को बिहार में सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार की तारीफ की है। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र की शुरूआत ही केंद्र सरकार की तारीफ से की है। तेजस्वी ने लिखा है कि बिहार राज्य में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा तेज गति से किये जा रहे कार्यों के फलस्वरूप राज्य की सड़क संरचना राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप विकसित हो रही है। इसके लिए मैं व्यक्तिगत रूप से आभारी हूं। पत्र में तेजस्वी यादव ने कहा है कि केंद्र सरकार के तेज गति से काम के बावजूद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा बनाया जा रहे कुछ रोड का काम काफी धीमा है। इससे आम लोगों को कठिनाई हो रही है। उन्होंने नितिन गडकरी से आग्रह किया है कि वे अपने अधिकारियों को उन नेशनल हाइवे का काम जल्द पूरा करने का निर्देश दें। इनमें पांच सड़कें शमिल हैं। तेजस्वी ने कहा है कि इस परियोजना के लिए एन्युटी का भुगतान वर्ष 2016 से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। भू-अर्जन की भी कोई समस्या नहीं है ।

### 10 सालों में कभी सूखा पड़ा तो कभी ओलावृष्टि और बारिश ने रुलाया

## बुंदेलखंड के किसानों की किस्मत में तबाही

**झांसीः** बुंदेलखंड के किसानों की तकदीर में बेइमान मौसम तबाही लिख रहा हैं। कभी सूखा पड़ रहा है तो कभी ओलावृष्टि और बारिश फसलों को चौपट कर रही है। यह एक बार की कहानी नहीं है, पिछले 10 सालों से लगातार ऐसा होता चला आ रहा है। इस साल पहले पकाव पर आ चुकी खरीफ की फसल पर ओले और बारिश कहर बनकर टूटी। अब रबी की फसल भी इसी तरह चौपट हो गई। किसानों ने बताया कि बबीना क्षेत्र में ओलावृष्टि और बारिश से आधा दर्जन से अधिक गांवों में गेहूं, जौ समेत अन्य फसलों को 60 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है। यानी किसानों की किस्मत ऐसी रूठी कि इस साल खरीफ के बाद रबी की फसलें भी घर तक नहीं पहुंच पाई।



**ललितपुर में ज्यादा नुकसानः** प्रदेश में सबसे ज्यादा ओलावृष्टि ललितपुर में हुई। कई गांवों में 60 प्रतिशत तक फसलें चौपट हो गईं। वहीं, ललितपुर सीमा से लगते झांसी के बबीना क्षेत्र के बेदौरा, सरबा, भड़रा, पृथ्वीपुरा नयाखेड़ा, गुवावली, हीरापुरा, घिसौली, खजराहा, डुबकी आदि गांवों में भी ओलावृष्टि और बारिश हुई है। इससे फसलों को भारी नुकसान हुआ है। झांसी मंडल के तीनों जनपदों झांसी, ललितपुर और जालौन के 8,20,000 किसानों की मेहनत पर कई सालों से कुदरत मार पड़ रही है।

**अब ओले-बारिश कहर बनकर टूटीः** 2018 में मंडल में 7,60,610 हेक्टेयर में रबी की फसल पकने को तैयार थी।

## 2014 के बाद पीएम मोदी ने देश की राजनीतिक संस्कृति को बदलाः नड्डा

**नई दिल्लीः भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जेपी नड्डा ने रविवार को कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर हमला किया। भाजपा युवा मोर्चा की तरफ से आयोजित यूथ पार्लियामेंट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी ने प्रजातंत्र की हर मयार्दा लांघ दी है। इंग्लैंड की सरजमीं पर जाकर कहते हैं कि 'भारत में लोकतंत्र' खतरे में है। कांग्रेस पार्टी आज मानसिक दिवालियेपन से ग्रसित है।' नड्डा ने आगे कहा, '2014 से पहले कैसा था देश? हमारा देश भ्रष्टाचार से भरा हुआ था, नीतिगत पक्षाघात था और यह एक पिछड़ा राज्य (तमिलनाडु) था। यह भारत को दिया गया संप्रदाय था।



## खबर संक्षेप

### बिजली हडताल समाप्त के बाद संविदा कर्मचारियों काम पर वापस लैटे

#### जगह जगह फाल्ट के कारण आपूर्ति बाधित हो रही है

**मऊआइमा।** दो दिनों के बाद बिजली कर्मचारियों की हडताल के बाद संविदा कर्मचारियों और लाइनमैन काम पर लौट आए तथा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।परन्तु फाल्ट के कारण आपूर्ति निरंतर बाधित हो रही है।

मऊआइमा क्षेत्र के नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्रों में दो दिनों के बाद बिजली कर्मचारियों की हडताल के बाद बिजली आपूर्ति चालू हो गई है। वस्त्र उधोग नगरी मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में बंद पडे पावरलूम कारखाने चलने लगे हैं। तथा जगह जगह फाल्ट के कारण बिजली आपूर्ति कर्मचारी तलाशने में जुटे हुए हैं। बहरहाल हडताल खत्म होने से लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। और कर्मचारी शाम से बिजली का फाल्ट तलाशने में जुटे हुए हैं। अधिकांश क्षेत्र बिजली से रोशन हो गए हैं।

# किसानों पर बरसा कहर, खड़ी फसलें हुई बर्बाद

## फलों के राजा आम को भारी नुकसान, सब्जी किसानों की टूटी कमर

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कई दिनों से आसमान में मंड़रा रहे काले व घने बादलों को देखकर किसान चिंतित वह परेशान रहते थे। किसानों को जो अंदेशा था हुआ वही रविवार को सायं 5 बजे के आसपास क्षेत्र के किसानों पर कहर बरस गया। तेज आंधी तूफान के साथ कोरांव तहसील क्षेत्र के अधिकांशतः गांवो में भीषण ओलावृष्टि हुई। भीषण बारिश व ओलावृष्टि से जहां किसानों की दलहन तिलहन की खड़ी फसलें बर्बाद हो गई। वहीं गेहूं चना सरसों मसूर अलसी की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इसी क्रम में फलों के राजा आम को भी भारी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्रीय किसानों की मानें तो इस वर्ष आम में बौर बहुत बहुत अच्छे आए थे। क्षेत्र में आम के पेड़ फलों से लटक रहे थे किंतु इस भीषण ओलावृष्टि व तेज आंधी तूफान से आम की भारी क्षति हुई है। ग्राम प्रधान भगेसर बम भोले सिंह ने बताया कि मेरे गांव में भी आम में अच्छे फल लगे थे, इस भीषण ओलावृष्टि व तूफान से जहां खड़ी फसलें नष्ट हो गई वहीं आम के फल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इसी प्रकार ग्राम प्रधान गाढ़ा लालता सिंह ने बताया कि भीषण ओलावृष्टि से दलहन तिलहन व गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। आम की भी भारी क्षति हुई है। इसी प्रकार मंड़फा गांव के रहने वाले पुष्कर सिंह एड ने बताया कि ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलों की भारी क्षति हुई है। गिर गोटा गांव के रहने वाले अनिल यादव प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि 50-50 ग्राम के ओले गिरे जिससे जहां खपरैल घरों को भारी नुकसान पंहुचा है, वहीं खड़ी फसलें भी बर्बाद हो गई हैं। इसी प्रकार सब्जी उगाने वाले किसानों की भी कमर टूट गई है। भीषण तूफान से जहां सब्जियां तितर-बितर हो गई, वहीं ओलावृष्टि से सब्जी की खेती को भी भारी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र के मड़फा कला रामपुर, गाढ़ा, खेतरपलिया, भगेसर, गिरगोठा, हनुमानगंज, बालापुर, टीकर समेत तहसील क्षेत्र के अधिकांशतः गांवो में तेज आंधी तूफान के साथ भीषण बारिश व ओलावृष्टि हुई। जिससे किसानों में बेचैनी बढ़ गई है। वे अपनी खड़ी फसलें बर्बाद होते देख मायूस हो गए हैं।

### कोरांव में तेज बारिश आंधी तूफान और ओलाविष्ट

#### खड़ी फसल भारी नुकसान, आंधी से कई पेड़ धराशाई,विद्युत पोल भी टूटे,किसान चिंतित



**कोराव।** अचानक बदले मौसम के मिजाज ने इस कदर कहर ढाया कि किसानों की खड़ी फसल ओले आंधी बरसात से सब नस्ट हो गई,जिससे किसान चिंतित हो गए। क्षेत्र के कोरांव से ले कर खजूरी, अल्हवा, देवघाट, महुली, संसारपुर, मांडो सहित विभिन्न गांवों में तीन तीन चक्र में छोटे फिर मझौले,फिर बड़े साइज के बर्फ गिरे जिससे आम महुआ,के बौर तो झड़ ही गए साथ ही किसानों की गाढ़ी कमाई मेहनत लागत से तैयार फसल नष्ट हो गई। अरहर, गेहूं, तेलहन, चना,आदि की खेती कताई मड़ाई से पहले दैवी आपदा की भेंट चढ़ गई। ओले इतने पड़े और बड़े बड़े गिरे की पेड़ों में पत्ते तक नही रह गए। तेज वर्षा से बिजली आपूर्ति भी गड़बड़ा गई,सड़कों पर लगे पीडब्ल्यूडी के लोकेशन बोर्ड भी उखड़ कर दूर उड़ गए। खेतों में बरसात के मौसम की भांति पानी भर गया। जिस कारण खेतों में कटाई के अभाव में फसलें नष्ट हो गई। पूरे कोराव इलाके में विभिन्न अंचलों में उक्त आपदा से हानि हुई है और पूरे इलाके में अंधेरा छा गया है।

### सरसों की फसल को भारी नुकसान

**जसरा।** बेमौसम बारिश ने जहां किसानों की नींद हराम कर दिया है वहीं खेत में कटी सरसों की फसल चौपट होने की कगार पर है। जसरा के आस पास के गांवों तातारगंज, परसरा,पचखरा, मरुआ, दौना, पांडर, रेरा, गड़रा, बुदांवा, खटंगिया आदि दर्जनों गांवों में बेमौसम बरसात से जहां सरसों की फसल प्रभावित हो रही है वहीं गेहूं की फसल भी हवाओं के कारण गिर रहे हैं। तातारगंज के किसान ब्रह्म दत्त पाठक ने बताया कि अगर इसी तरह बरसात होती रही तो किसानों की कमाई कैसे होगी।

## आंधी तूफान आने के दौरान साइकिल सवार पर गिरा किलो मीटर का बोर्ड गंभीर रूप से हुआ घायल



**रत्योरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के रत्योरा बाजार के कोरांव रोड पर लोक निर्माण विभाग का लगा मार्ग सूचक किलोमीटर बोर्ड लोहे के खंभे के सहित रविवार को सायं 5 बजे के आसपास आए तेज आंधी तूफान के दौरान अचानक टूटकर सड़क पर गिर गया। इस दौरान गुजर रहा साइकिल सवाल टूटे पोल की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों के द्वारा आनन-फानन में नजदीकी हॉस्पिटल में इलाज के लिए ले जाया गया। कुछ देर बाद हालत गंभीर होने पर एंबुलेंस से सीएचसी कोराव भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार युवराज पुत्र पवन कुमार (20) निवासी बड़ोखरा थाना कोरांव रत्योरा बाजार में खरीदारी करने आया था। युवराज चौराहा पार कर रहा था उसी समय तेज तूफान से सड़क के किनारे लगा मार्ग सूचक बोर्ड उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह खुद और उसकी साइकिल बोर्ड के नीचे दब गई। युवराज जहां गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं उसकी साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से मौजूद लोगों ने सीएचसी कोरांव भेजवाया । जहां पर डॉक्टरों ने उपचार कर गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया।इतना भीषण व तेज था कि दुकानों में लगे टीन सेड उड़ गए। कुछ देर बाद ओले गिरने के साथ भयंकर बारिश हुई।

## बीडीसी महिला के साथ दुराचार का प्रयास तीन लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**पीड़िता का पति भाजपा किसान मोर्चा का मंडल मंत्री है तथा आरोपी भाजपा आई टी सेल का गांगापार संयोजक**

**मऊआइमा।** एक बी डी सी महिला ने तीन युवकों पर पति के गैर मौजूदगी में घर का दरवाजा खुलवा कर दो लाख रंगदारी मांगने तथा दुराचार करने की कोशिश व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए । थाने में तहरीर दी।पुलिस ने पीडिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला जो कि बीडीसी सदस्य है आरोप है कि उसके पति भाजपा के किसान मोर्चा के मंडल मंत्री हैं। वह सीतामढ़ी एक शादी समारोह में गए थे। बीडीसी महिला का आरोप है कि रात्रि लगभग दस बजे उसके घर का दरवाजा खटखटाया गया जब दरवाजा खोल कर देखा तो तीन युवक घर के अन्दर घुस आए और कहने लगे कि दो लाख रुपये हमें अपने पति अथवा तुम गुंडा टैक्स दो। महिला के इंकार करने पर आरोप है कि उसके नाजुक अंगों के साथ छेडखानी करने लगे और दुराचार की कोशिश भी किए। तथा बोलने पर जान से मारने की धमकी दी गई। महिला बीडीसी ने लोकलाज के भय से चुप रही। जब पति सीतामढ़ी से आए तो उसे थाने ले गए। पीडिता की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा आई टी सेल के गांगापार संयोजक निमिष खत्री पुत्र अशोक कुमार खत्री निवासी मोहल्ला गंजियाबाजार पूरा काजी तथा दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है । उधर भाजपा आई टी सेल के गंगापार संयोजक निमिष खत्री ने आरोपों को निराधार बताया तथा आरोप लगाया है वह पूर्व में महिला के पति पर रंगदारी मांगने आदि का मुकदमा दर्ज करा चुके हैं। यह महज पेशबंदी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दलित के घर में घुस कर मार पीट तोडफोड़ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के सकरा मऊ गांव में पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन लोगो ने दलित के घर में घुस कर उत्पात मचाया और तोड फोड तथा मारे पीटे व जाति सूचक गालियां दी।पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के सकरामऊ(लोकई का पूरा) गांव निवासी अजय कुमार सरोज पुत्र राम सेवक का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके विपक्षी घर में घुस कर मारे पीटे जाति सूचक गालियां दी। तथा घर के अन्दर रखा फर्नीचर तोड दिए, जान से मारने की धमकी भी दिए। अजय कुमार का आरोप है कि परिजनों को काफी चोटें आयी है । जिनका उपचार चल रहा है। अजय कुमार सरोज ने मऊआइमा थाने में संतोष लाल पटेल ,छोटेलाल पटेल ,अशरफी लाल पटेल ,संजय कुमार पटेल ,संतलाल का दामाद नाम अज्ञात तथा एक अज्ञात के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए श्रोता

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** पतवां, जंघई गांव में दिनेश कुमार पांडेय पूर्व निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं विमला पांडेय मुख्य यजमान के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में रविवार को कथा वाचक राधामोहन शरण देवाचार्य महाराज ने भगवान श्री कृष्ण-रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी का वेश धारण किए कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत कर विवाह के मंगल गीत गाकर नृत्य किया। महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्री कृष्ण की कई लीलाओं के बारे में वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को कथा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मिणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मिणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मिणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदुरथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मिणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मिणी से विवाह किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को धार्मिक भजनों पर नृत्य करते व जयकारे लगाते हुए भी देखा गया जिससे माहौल धर्ममय हो गया।कथा के पश्चात आरती प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर परिजनों में अजय पांडेय, जूही पांडेय, मनोज कुमार पांडेय, मधु पांडेय, राहुल कुमार पांडेय, मनीषा, सचिन पांडेय, श्रद्धा पांडेय, अर्जुन एवं श्रोताओं में इंजीनियर घनश्याम पांडेय, अभयराज पांडेय, अशोक कुमार द्विवेदी, रमेश तिवारी, छोटेलाल तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, अखिलेश सिंह पटेल, रितेश केसरवानी, गौरव गुप्ता, सुधीर गुप्ता, हरिशंकर पटेल दयाशंकर पांडेय, लल्लन मिश्र, प्रभाकर पांडेय, शेषमणि पांडेय, अशोक कुमार द्विवेदी, अनिल पांडेय, राहुल दुबे, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### श्री भागवत कथा सुनकर भक्त गण भाव विभोर हो उठे



**करछना।** तहसील के अंतर्गत निरिया ग्राम सभा में चल रहा श्रीमद् भागवत सप्ताह परायण ज्ञानयज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा ब्यास श्री 1008 स्वामी विष्णु देव आनंद सरस्वती आज पांचवा दिन भगवान श्री कृष्ण की लीला की कथा सुनकर सभी भक्तगण व श्रोतागण भावविभोर हो उठे। भगवान श्री कृष्ण की कथा को सुनने के लिए क्षेत्र के लोग कथा स्थल पंडाल में पहुंचे सभी श्री कृष्ण की कथा को बहुत ही एकाग्र चित्त से सुना। महाराज जी ने मंच से उद्घोष करके बताया कि यह श्री कृष्ण कथा बताया जा रहा है। भवदीय भागवत प्रसाद दुबे, व्यवस्थापक प्रभात द्विवेदी एडवोकेट, भास्कर द्विवेदी,ग्रामवासी मौजूद जैसे - कमलेश प्रसाद द्विवेदी,अरूण प्रसाद द्विवेदी, श्याम बिहारी यादव, कृष्ण मोहन यादव,देवेश द्विवेदी (एडवोकेट),कामता प्रसाद द्विवेदी ,समाजसेवी पवन कुमार यादव, पूर्व प्रधान नेब्बू लाल कोटार्य ,भारत यादव, रामचंद्र, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, उमाशंकर यादव, जवाहिर लाल कुशवाहा, भोलानाथ विश्वकर्मा आदि लोग श्रोता गण मौजूद रहे।

# पथरहिया में किरन सिंह एवं रोकडी में राजेंद्र सिंह अध्यक्ष पद पर निर्विरोध घोषित हुए



अखंड भारत संदेश

**करछना।** ब्लॉक के साधन सहकारी समिति पथरहिया व साधन सहकारी समिति रोकड़ी में अध्यक्ष पद का चुनाव रविवार को निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें पथरहिया समिति में किरन सिंह निर्विरोध अध्यक्ष बनी। वही रोकड़ी समिति में राजेंद्र सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए । अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर समर्थक लोग खुशी में झूम उठे। और उन्हें माला पहनाकर गर्मजोशी नारों के साथ स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही साथ मौजूद लोगों में मिष्ठान भी वितरित किया गया । गौरतलब है कि साधन सहकारी समिति पथरहिया में सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व में रहे समिति के अध्यक्ष जनार्दन सिंह की पत्नी किरन सिंह व साधन सहकारी समिति रोकड़ी में सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व में रह चुके समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। और दोनों समितियों पर सपा का कब्जा बरकरार रहा। साधन सहकारी समिति पथरहिया के निर्वाचन अधिकारी आदित्य कुमार ने बताया कि 9 संचालक मंडल में सात संचालक लोग मौजूद रहे। जिसमें किरन सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुई। वही रोकड़ी समिति के चुनाव अधिकारी अब्दुल बारी ने जानकारी दी कि 9 संचालक मंडलों में सभी संचालक लोग उपस्थित रहे। और सर्वसम्मति से राजेंद्र सिंह को अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया। उनके निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर समर्थक लोग खुशी से झूम उठे । और उन्हें माला पहनाकर गर्मजोशी नारों के साथ स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही साथ एक-दूसरे का मुंह भी मीठा कराया गया। इस मौके पर साधन सहकारी समिति पथरहिया के पूर्व अध्यक्ष व सपा के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र कुमार शर्मा बबुआन व समिति के सचिव भगवत प्रसाद पांडेय रोकड़ी समिति में सचिव शिव नायक सिंह वीरू सिंह जनार्दन सिंह रावेंद्र प्रताप सिंह विनय कुमार सिंह दिनेश कुमार द्विवेदी राजेश प्रसाद शुक्ल डॉ अभय तिवारी अनुराग सिंह गोरेलाल तिवारी विवेक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## साधन सहकारी समितियों के चुनाव में अधिकांश सभापति हुए निर्विरोध



**सहसों।** साधन सहकारी समितियों के हुए चुनाव में रविवार को निर्वाचन प्रक्रिया के तहत क्षेत्र के अधिकांश साधन सहकारी समिति के सभापति एवं उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें साधन सहकारी समिति सहसों में सभापति चन्द्रधर द्विवेदी तथा उपसभापति शिव नारायण सिंह गप्पू निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसी प्रकार पैगंबरपुर में सभापति प्रमोद त्रिपाठी आजाद, बेरुई के सभापति संतोष शुक्ल एवं उपसभापति प्रवीण शुक्ल, चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई में सभापति रविंद्र मिश्र शास्त्री व उपसभापति अस्फाक अहमद, चिरौड़ा में सभापति मंसूर अहमद तथा उपसभापति कंचन वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए। बगई खुर्द के गुलाम मौर्य सभापति तथा नंदलाल पटेल उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित होने पर सदस्यों ने फूल माला पहनाकर खुशी का इजहार किया। नवनिर्वाचित सभापति एवं उपसभापतियों को अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, अशोक मिश्रा, डॉक्टर राकेश केसरवानी, आनंद मिश्र, अजीत पांडे, संदीप द्विवेदी,भूपेंद्र मिश्र, वेदमणि तिवारी, रमेश कुमार द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, कमलेश यादव, विकास तिवारी, आलोक यादव ने माला पहनाकर बधाई दी। इसी प्रकार साधन सहकारी समिति उमरी मय टटिहरा के सभापति के चुनाव में आमने-सामने दो प्रत्याशी चंद्रेश नारायण तथा विजय शंकर के बीच कांटे की टक्कर हुई। जिसमें विजय शंकर ने कड़ी शिकस्त देते हुए अपने प्रतिद्वंदी से एक मत से विजई घोषित किए गए। इनके साथ उपसभापति ब्रह्म प्रसाद शुक्ल घोषित किए गए। इस अवसर पर कमला कांत मिश्र, योगेंद्र मिश्र, राधेश्याम मिश्र,शंकर सिंह, तीरथ राज सिंह, केबी सिंह, भानू सिंह, विजय सिंह आदि ने माला पहला कर खुशी का इजहार करते हुए विजय श्री की बधाई दी।



## प्रतापपुर में 10 साधन सहकारी समितियों में 8 अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए

**प्रतापपुर।** साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव में प्रतापपुर ब्लाक के 10 न्याय पंचायतों में 8 अध्यक्ष निर्विरोध चुने गये हैं। एडीओ कोपरेटिव प्रतापपुर संतोष कुमार यादव ने बताया कि सोरों एवं अनुवां में अध्यक्ष पद का चुनाव रविवार को हुआ। जिसमें साधन सहकारी समिति अनुवां से अध्यक्ष अशोक पांडेय, उपाध्यक्ष मातादीन उपाध्याय, आराखुर्द से अध्यक्ष विनोद कुमार यादव, उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, बरेस्ताकला में अध्यक्ष पूजा यादव, उपाध्यक्ष श्याम मूर्ति तिवारी, उग्रसेनपुर से अध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पांडेय, सोरों में अध्यक्ष राम सिंह, उपाध्यक्ष प्रेमचंद्र यादव, मुहद्दीनपुर से अध्यक्ष राजित राम यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र नाथ, सरायममरेज से अध्यक्ष कमलेश यादव, उपाध्यक्ष निर्मला पांडेय, वारी से अध्यक्ष लालचंद्र यादव, उपाध्यक्ष लालती देवी, जंघई से अध्यक्ष जियालाल यादव, उपाध्यक्ष कन्हैया लाल मौर्य, नेदुला से अध्यक्ष पारस नाथ यादव, उपाध्यक्ष लालमणि यादव चुने गए।

## लेड़ियारी में विष्णु प्रताप, कोरांव से चन्द्र बहादुर, पवारी से अजीत सिंह अध्यक्ष निर्विरोध बने

### कोरांव की समितियों में अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**लेडियारी।** विकास खंड कोरांव की 11 समितियों में अध्यक्ष पद का चुनाव शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। पूजा मिश्रा नेता भाजपा के अथक प्रयास से रविवार को गहमा गहमी के बीच सम्पन्न अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्वाचित संचालक मण्डल ने अपने-अपने समितियों में अध्यक्ष का चुनाव किया।जिसमें लेड़ियारी साधन सहकारी समिति से विष्णु प्रताप सिंह, पवांरी समिति से अजीत प्रताप सिंह तथा कोरांव समिति से चंद्र बहादुर सिंह निर्विरोध चुने गए।इसी तरह बड़ोखर समिति से देवेंद्र कुमार द्विवेदी, सिकरो साधन सहकारी समिति से शशिकला तिवारी, खजुरी जादीपुर समिति में लक्ष्मी प्रसाद शास्त्री अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं साधन सहकारी समिति साजी के अध्यक्ष पद पर जितेंद्र प्रताप सिंह, कपुरी पसना समिति में मुन्ना उपाध्याय निर्विरोध चुने गऐ साधन सहकारी समिति पूरा दत्तू में अध्यक्ष अशोक कुमार केशरी, रामगढ़ खीरी समिति में अध्यक्ष के लिए विजय सिंह पटेल तथा महुली साधन सहकारी समिति के लिए अवध कुमार सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं मतदान स्थलों पर चुनाव के बाद निर्वाचन अधिकारी के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया तथा अन्य संघो के लिए प्रतिनिधि का नाम भेजा गया।

## नरेंद्र और मनोरमा बने निर्विरोध अध्यक्ष



**झूंसी।** साधन सहकारी समिति छिबैया व रिठइया की समिति का रविवार को चुनाव हुआ। छिबैया में निर्विरोध अध्यक्ष नरेंद्र सिंह व उपाध्यक्ष कमल चौधरी निर्वाचित हुए वही रिठइया में मनोरमा सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई। नवनिर्वाचित सभी सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस दौरान अंशुमान सिंह अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद का जिला प्रतिनिधि जिला सहकारी बैंक लिमिटेड इलाहाबाद के पद पर नामांकन हुआ। इस अवसर पर पूर्व प्रधान बजहा राजेश सिंह, आत्मा दुबे, मृत्युंजय सिंह, मोहित, धारा सिंह आदि मौजूद रहे। चुनाव कार्यक्रम निर्वाचन अधिकारी उग्रसेन यादव की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

### सहकारी समिति के चुनाव में निर्विरोध हुए निर्वाचित



**जसरा।** प्रारंभिक सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में गुलाब कली सिंह निर्विरोध निर्वाचित की गई। जब कि उपाधयक्ष पद पर सुमित भारती निर्विरोध निर्वाचित किये गये। क्षेत्रीय सहकारी समिति बारा में निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार गौड़ ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती गुलाब कली सिंह ने अपना पर्चा दाखिल किया। दूसरे किसी सदस्य के नामांकन न होने के कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर सुमित भारती को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निर्वाचन अधिकारी जसरा जीतेन्द्र कुमार गौड़ ने दोनों अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह,सचिव ज्ञानेन्द्र पाठक,कामद प्रताप सिंह,हरी लाल कनौजिया, सर्वजीत सिंह पटेल, अवधराज सिंह, संतोष जायसवाल, मोहम्मद सलीम,महेश प्रताप सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### घूरपुर सहकारी समिति के निर्विरोध अध्यक्ष हुए वीरेंद्र प्रताप , उपाध्यक्ष जंग बहादुर




**घूरपुर।** भारी गहमा गहमी के बीच घूरपुर किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव सम्पन्न हुआ । इस बीच वीरेंद्र प्रताप सिंह निवासी इरादतगंज निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए । इसी क्रम में उपाध्यक्ष पद के लिए जंग बहादुर भी निर्विरोध चयन किया गया ।इस मौके पर भारत जायसवाल ,दिनेश यादव ,राजू तिवारी,साजन जायसवाल, शिवकरन ,दिलीप,प्रधान सेमरा राजरूप पटेल ,विद्याधर द्विवेदी,विश्वम्भर नाथ पटेल प्रधान बोंगी आदि लोगों ने चुने गए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को माला पहनाकर बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### आसमान में छाए घने बादल, 4 दिन ऐसे ही रहेगा मौसम, किसान चिंतित

**प्रयागराज।** शनिवार को हल्की बूंदाबांदी के बाद आज रविवार को भी मौसम का रुख बदला है। आज भी सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा है। मौसम विभाग के अनुसार, 3-4 दिन इसी तरह मौसम रहेगा और बादल ऐसे बने रहेंगे। कुछ स्थानों पर गरज के साथ बूंदाबांदी या छींटे पड़ने की संभावना भी है। यहां अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस है।वहीं, बारिश की आशंका से किसान भी चिंतित हैं। ज्यादातर किसानों के खेतों में अभी सरसों की फसल खड़ी है। बारिश के साथ तेज हवाएं फसलों को नष्ट कर सकती हैं।

21 मार्च को हल्की बारिश की संभावना शुआट्स नैनी के मौसम विज्ञानी डॉ. प्रवीण चरन ने बताया कि बारिश का दौर आगे भी जारी रहा तो किसानों की फसलें नष्ट हो सकती हैं। जिन किसानों के खेत में अभी पकी सरसों की फसलें खड़ी हैं वह भीग जाएंगी। जब धूप निकलेगी तो उसकी फली फट जाएगी और गिर जाएगी। इसी तरह आम के बौर को नुकसान हो सकता है। मौसम विज्ञानी की मानें तो 21 मार्च को प्रयागराज में हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद मौसम सामान्य भी रहेगा।

# महज छह सेकंड की देर होती तो तीन नहीं चार लोगों की जाती जान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रदेशभर को हिलाकर रख देने वाले उमेश पाल हत्याकांड में एक और खुलासा हुआ है। यह बात सामने आई है कि अगर 6 सेकंड की देरी हुई होती तो इस जघन्य वारदात में एक और निर्दोष की जान चली जाती। वह कोई और नहीं बल्कि उमेश पाल की रिश्तेदार किशोरी है, जो बम से हुए हमले में बाल-बाल बची थी। घटना के 24 दिन बाद सामने आए एक और सीसीटीवी फुटेज से इसका खुलासा हुआ है। 58 सेकंड के सीसीटीवी फुटेज को देखने से पता चलता है कि बम गोलियों से हमले के दौरान उमेश पाल की रिश्तेदार किशोरी बाल बाल बची थी। फुटेज के मुताबिक 24 फरवरी को शाम 4:56 मिनट पर यह वारदात अंजाम दी गई। वीडियो फुटेज की शुरूआत 4:56:44 सेकंड पर होती है जिसमें उमेश पाल की रिश्तेदार किशोरी घर के भीतर भागते नजर आती है। ठीक 6 सेकंड बाद यानी 4:56:50 सेकंड पर वीडियो में उमेश पाल का गनर राघवेंद्र दिखाई देता है जो भागते हुए घर के भीतर आता है। वह घर के भीतर घुस पाता, इसके पहले ही 51 वें सेकंड में पीछे से बम से हमला किया जाता है और राघवेंद्र खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर जाता है। इसके बाद चारों ओर धुआं फैल जाता है और फिर कुछ नजर नहीं आता। 5 सेकंड बाद 4:56:56 सेकेंड पर धुआं छटता है तो राघवेंद्र जमीन पर पड़ा तड़पता नजर आता है। इसी दौरान उमेश के घर के अगल-बगल रहने वाले कुछ लोग निकलते हैं और फिर घायल राघवेंद्र को उठाकर कमरे के भीतर ले जाते हैं।

नया सीसीटीवी फुटेज आया सामने




### युवक ने की आत्महत्या, एक साल पहले हुई थी शादी

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र के नयापुरा इलाके में रहने वाले 40 वर्षीय श्रीराम ने पहले अपनी बीमार पत्नी को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया। फिर घर लौट आए। घर में उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। एक साल पहले ही उसकी शादी हुई थी और युवक के ससुराल वालों ने पत्नी के बीमार होने की जानकारी नहीं दी थी। बीमारी छिपाकर शादी कर दी थी। शादी के बाद जब पत्नी के गंभीर बीमारी होने की जानकारी श्रीराम को हुई तो वह परेशान हो गया। उसने बिना किसी से कुछ कहे पत्नी को पहले अस्पताल में भर्ती करवाया। जिससे बाद आत्महत्या कर लिया। श्रीराम तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी शादी 18 फरवरी 2022 को चकिया के परमपुरा इलाके में हुई थी। शादी के बाद पत्नी ने श्रीराम से दवा मंगाई। श्रीराम जब मेडिकल स्टोर पर दवा लाने गया तो पता चला कि यह दवा तो कैंसर की है, वह परेशान हो गया। इसके बाद से दोनों में विवाद होने लगा।पत्नी ज्यादातर मायके में ही रहने लगी थी। शनिवार को उसकी तबीयत खराब हुई तो श्रीराम उसे लेकर एसआरएन अस्पताल में गया। वहां भर्ती की पूरी प्रक्रिया करने के बाद उसे वार्ड में भर्ती कराया। लौटकर आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। घर वाले उसे अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर मिला क्षत-विक्षत युवक का शव

**मेजा रोड।** मांडा थाना क्षेत्र के गरेथा गांव स्थित बाराही माता धाम के मध्य दिल्ली वाया हावड़ा रेलमार्ग पर अज्ञात युवक का क्षत विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुट गई है। मांडा थाना क्षेत्र के गरेथा गांव स्थित बाराही माता धाम के मध्य रविवार की दोपहर दिल्ली वाया हावड़ा रेलमार्ग पर ट्रैक पार करते वक्त साइकिल सवार 45 वर्षीय युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह रहा कि शव के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई।लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। वहीं उक्त सूचना पर दिघिया चौकी प्रभारी आशीष यादव पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुँचें। पुलिस ने घण्टो शव के शिनाख्त के लिए प्रयास किया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने क्षत विक्षत शव को इकठकर कब्जे में लिया और पुलिस चौकी ले गए। पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

## न्यूज झरोखा

### मेजा एसीपी कार्यालय के समीप तेंदूपत्ता लदा ट्रक जला, फायर कर्मियों ने आग पर पाया काबू



**मेजा रोड।** मेजा के एसीपी कार्यालय के सामने मेजारोड-कोरांव रोड पर बीड़ी पत्ता लदा ट्रक जलकर राख हो गया। मेजा पुलिस टीम व फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझाने में जुटी हुई है। बता दें कि मध्यप्रदेश के हनुमना निवासी जमुना प्रसाद ड्राइवर ट्रक लेकर बलगवां मध्य प्रदेश से ट्रक में बीड़ी पत्ता लादकर प्रयागराज के घूरपुर जा रहा था कि रात के दो बजे के करीब जैसे ही वह प्रयागराज के मेजा थाना क्षेत्र के एसीपी मेजा कार्यालय व मेजा कोतवाली के समीप पहुंचा ही था कि कहीं विद्युत तार कि जद में आने से शॉर्ट सर्किट की वजह से ट्रक में आग लग गई। तब तक ट्रक धू धू कर जलने लगा।

### समाजसेवी ने मंगाया टैंकर तब मिला पानी




**झूंसी।** विद्युत कर्मियों की हड़ताल की वजह से लोग बिजली के साथ बूंद-बूंद पानी को तरस गए। प्रशासन ने पूरा जोर विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने में लगया था पर बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोगों की ओर किसी का ध्यान नही गया। जल निगम व नगर निगम ने कर्मचारियों ने बिजली कटौती का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लिया। तब समाजसेवी सुमित निषाद व प्रखर रवि ने कई मोहल्लों में टैंकर से पानी पहुँचवाया। झूंसी में राजस्व कर्मियों व स्थानीय पुलिस का सारा जोर बीआईपी कॉलोनियों में विद्युत आपूर्ति बहाल कराने पर रहा। नई झूँसी के एडीए कॉलोनी, सावित्री नगर, कलवारी टोला, मलाही टोला, कटका, दुर्जनपुर, लच्छीपुर, मुंशी का पूरा, तुरकाना में शनिवार सुबह से ही बिजली गुल थी। बिजली के साथ-साथ लोग पानी के लिए भी परेशान थे। जल निगम व नगर निगम के अधिकारियों से पानी के लिए इलाकाई लोगों ने गुहार भी लगाई पर सबने बिजली कटौती का हवाला देते हुए अपना अपना पल्ला झाड़ लिया। तब आजाद नगर निवासी समाजसेवी सुमित निषाद व प्रखर रवि टोनू द्वारा टैंकर मंगवा कर लोगों की पानी की समस्या को काफी हद तक समाप्त करने की कोशिश की कई मोहल्लों में टैंकर की मदद से पानी रविवार दोपहर तक पहुंचाने में लगे रहे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित हुआ स्वच्छता कार्यक्रम



**प्रयागराज।** नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत 16-31 मार्च तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है ' नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की जिला परियोजना अधिकारी ( नमामि गंगे) एषा सिंह ने बताया की स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत वन विभाग के प्रभागीय निदेशक महावीर कौजलागी के मार्गदर्शन में प्रयागराज में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगे जिसमे क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, जन जागरूकता, पोस्टर प्रदर्शनी, श्रमदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगे' जिसमे आज वन विभाग व नेहरू युवा केन्द्र प्रयागराज द्वारा विकास खंड चाका में तालाब के समीप श्रमदान एवं रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया ' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व नौसेना अधिकारी बृजेश पांडे जी मौजूद रहे' वन विभाग से रेंज ऑफिसर राजनीश कुमार परमार्थी, नेहरु युवा केंद्र से स्पीयर हेड लीडर निर्मल कांत, रोहितमणि व गंगा दूत उपस्थित रहे ' तालाब के समीप श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी गंगा दूत व उपस्थित लोगो के सहयोग से साफ सफाई अभियान चलाया गया ' अतिथि बृजेश पांडे ने कहा श्रमदान करना सीधे-सीधे राष्ट्र की और समाज की सेवा है। साथ ही इन सब कार्यों से युवाओ में नेतृत्व की भावना का विकास होता है। 'इसके पश्चात रैली निकल कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में गंगादूत अर्पित ,अतुल दीपक दुर्गेश, कार्तिकेय, समद, हैरीश प्रिंस, राजेश ,सोम ,विवेक ,आकिफ उपस्थित रहे।

### नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत किसान संगोष्ठी एवं जैविक मेला आयोजित




**सिरसा।** नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गेस्ट हाउस प्रेमा रिसॉर्ट बभनी किसान संगोष्ठी एवम जैविक मेला आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर मदन सिंह और विशिष्ट अतिथि अतिथि के तौर पर भाजपा नेता नीरज कुमार द्विवेदी उपस्थित रहें ' वक्ता के रुप में आदर्श कुमार पांडेय विषय वस्तु विशेषज्ञ प्रयागराज एवं अभिषेक मिश्र रानी कुमारी एडीओ एजी मांडा, सूरज गुप्ता ,सुनील मिश्रा इसी मध्य कुछ किसानों जैविक खेती के उपकरण और खाद, बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पति सखीचंद सोनकर ने किया। जिसमें अवधेश द्विवेदी, सुधाकर पांडेय, अनिल बिंद,महेंद्र तिवारी, मनोज तिवारी, राम कैलाश, जेपी मिश्रा, चंदू यादव, सूरज गुप्ता, सनी कुमार, मालती मिश्रा, दुलारी सोनकर, नीतू पांडेय, शिप्रा मिश्रा, रामकटोरी, विमला देवी, पलक मिश्रा, पंकज तिवारी, अशोक अग्रहरि, हरी गौतम अन्य किसान रहे।

# हम संघर्ष में विश्वास करते हैं नए लोगों को संगठन की ताकत का अंदाजा नहीं : योगेश त्यागी

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** हम संघर्ष में विश्वास करते हैं नए लोगों को संगठन की ताकत का अंदाजा नहीं है उक्त बातें उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जूनियर शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने कही। उन्होंने कहा कि 32 वर्ष की सेवा में 14 बार निलंबित और दो बार बर्खास्त किया जा चुका हूं। आपके विरुद्ध कोई भी काला कानून नहीं आएगा जब तक मैं बेसिक शिक्षा परिषद का सदस्य हूं, हमें जो भी मिला है वह संगठन की ताकत से मिला है। पूर्वजों के श्रम को भुलाया नहीं जा सकता है। सांसद फूलपुर केसरी देवी ने कहा कि सरकार दृढ़ता से आपकी समस्याओं को दूर करने में लगी है। आपके पुरानी पेंशन की समस्या को आगे सदन में उठाऊंगी। प्रदेश मंत्री नरेश कौशिक ने कहा कि हारे हुए लोग संगठन तैयार करते हैं। आप लोग भ्रमित ना हो संगठन से ही शिक्षकों की पहचान है। आप मेहनत से नौकरी तो पा सकते हैं लेकिन नौकरी को बचाए रखने के लिए संगठन की आवश्यकता है। डॉ डीके सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सबसे गरीब बच्चों को आप पढ़ाते हैं कैसे विद्यालय पहुंचते हैं। हम सब जानते हैं। शिक्षा पर सरकार को 10 परसेंट से अधिक खर्च करना चाहिए ।आपकी मेहनत से ही गरीब बच्चों को सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने वादा किया कि जिला पंचायत के द्वारा पिंक टॉयलेट का निर्माण कराया जा रहा है ।कार्यक्रम की शुरूआत संघ की मंडलीय मंत्री अलका बाजपेई द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम को विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, जिला अध्यक्ष गंगा पार अश्वनी द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख फूलपुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर प्रयागराज कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण प्रदेश महामंत्री नरेश कौशिक द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में मौजूद कवियों ने भी अपनी रचना का पाठ करके लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन अनामिका पांडे व ब्रह्म प्रकाश एवं उपस्थित लोगों का आभार जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पांडे द्वारा किया गया। इस मौके पर दिनेश मिश्र, बिंदु मौर्या, प्रमिला मौर्या, रामजी संतोषी, राजेंद्र अनुरागी, इंद्रेश तिवारी, भारतेंदु त्रिपाठी जया शर्मा निशा शुक्ला जामवंत सिंह संजय तिवारी हरिशंकर ओझा सुरेश कांत पांडे, सतीश तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, प्रीता बाजपेई ,राजीव नसीब, शिवम भगवती, बिहारी लाल अंबर, पीयूष मिश्रा, अजीत सिंह मौजूद रहे।



# प्राथमिक शिक्षा बच्चों की नींव का पत्थर : भोला सिंह

**पसना।** एम.पी.डी.प्राथमिक विद्यालय बेरी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री भोला सिंह मुन्ना ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते है,और सही प्राथमिक शिक्षा के माध्यम से ही इन्हें संवारा जा सकता है,इसीलिए प्राथमिक शिक्षा बच्चों की नीव का पत्थर होती है। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।कार्यक्रम का कुशल संचालन विजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य पोषक लाल सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत एवम आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंतिमेश तिवारी,ग्राम प्रधान बेरी, विद्यालय के स्टाफ एवम् बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मासूम को यातना देने के मामले में नामजद आरोपी दंपती गिरफ्तार

**प्रयागराज।** सात साल की बच्ची को प्रताड़ित करने वाली महिला अंजना सिन्हा और उसके पति अरुण कुमार सिन्हा को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। धूमनगंज थाने के दरोगा प्रीत कुमार पांडेय ने एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 376 क, ख (यौन हिंसा) व 504, 506 और 323 के तहत रिपोर्ट दर्ज की। इंस्पेक्टर धूमनगंज राजेश मौर्या ने बताया कि इस मामले में रंजना और उसके पति अरुण दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आखिर किस अनहोनी की शिकार हुई चार माह पहले गोद ली गई मासूम,तीन दिन से फ्लैट से थी गायब प्रेस सटाने से जलकर उधड़ी पीठ की चमड़ियां, सूजे हुए गाल और पेट से लेकर सीने तक चोट के नीले निशान देख किसी का भी कलेजा मुंह को आ जाएगा। प्रीतमनगर के सन साइन अपार्टमेंट के बी ब्लॉक स्थित 102 नंबर फ्लैट में चार माह पहले आई मासूम का यह हाल किन वजहों से हुआ। आखिर मासूम किस अनहोनी की शिकार हुई, इसे लेकर अनगिनत सवाल खड़े हो गए हैं।

# दो दर्जन से अधिक गांव को जोड़ने वाली सड़कें टूटकर गड्ढे में हुई तब्दील

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** क्षेत्र की दो दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाली सड़कें टूटकर गड्ढे में तब्दील हो गईं हैं। जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही हैं।इन इन क्षतिग्रस्त सड़कों से एक बार गुजरने वाले राहगीर दोबारा जाने से कतराते हैं। ग्रामीणों ने कई बार गुहार लगाई, लेकिन सड़कों का मरम्मत नहीं हो सकी। मेजा - मांडा मुख्य मार्ग से जमुआ ऊंचडीह बसद्दा, मेंडरा से कूंची व गुनई से जमुआ सहित क्षेत्र के दो दर्जन संपर्क मार्ग की अभी तक मरम्मत कार्य न होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। आए दिन राहगीर जहां इस सड़क के गड्ढों में गिरकर चोटिहिल हो जातें है। वही चार पहिया वाहन हिलोरे मारकर चलते हैं, जिससे अन्य राहगीरों के लिए खतरा बना रहता है। सड़क खराब होने से स्कूल में पढ़ने वाले में बच्चों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है। गांवों के मरीजों को भी मेजा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए आने में दिक्कतें होती हैं।मेंडरा से कूंची होते हुए नेवढ़िया गांव तक जाने वाली सड़क भी गड्ढे में बदल गई है। बारिश और बाढ़ के समय सड़क पर जलभराव हो जाता है। लोगों ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण सड़क पर चलना दूभर हो गया है। कई बार शिकायत की गई है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्र की टूटी सड़कों की मरम्मत कराने की पुरजोर मांग की है।

# ईट भट्ठों पर बाल मजदूरी का आखिर कौन है जिम्मेदार!

**लालगोपालगंज और श्रृंगवेरपुर परिक्षेत्र में दर्जनभर से अधिक संचालित हैं ईट भट्ठा**

**विभाग की नाकामी के चलते ईट भट्ठों पर बाल श्रम में लगे हैं नौनिहाल**

अखंड भारत संदेश

**लालगोपालगंज।** बाल श्रम के लिए संविधान ने भले ही कानून बनाया है। लेकिन नियमों को ताक पर रखकर क्षेत्र में संचालित ईट भट्ठों पर धड़ल्ले से बाल मजदूरी कराई जा रही है। पढ़ लिख कर भविष्य संभालने वाले बालकों को स्कूल भेजने के बजाय मजदूरी की खाई में ढकेला जा रहा है। लालगोपालगंज और श्रृंगवेरपुर क्षेत्र में लगभग दर्जनभर ईट भट्ठा संचालित हैं। एक तरफ इन भट्ठों से उठने वाले काले धुआं पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर कच्ची ईंटों की पथाई से लेकर ईट भट्ठा पर खुलेआम बाल श्रम कराया जा रहा है। क्षेत्र के कठौआपुल, बांधपुर, पटना, उपरहर, मीरजहांपुर, रामचौरा, अंधियारी, भगवतीपुर और श्रृंगवेरपुर आदि गांव में ईट भट्ठा चल रहे हैं। जिसके इर्द-गर्द कच्ची ईंटों की पथाई कर रहे स्वजन के कामों में बच्चे भी खुलेआम हाथ बटा रहे हैं। बाल मजदूरी करने और कराने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का कानून बनाया गया है। लेकिन विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों की उदासीनता के चलते बाल श्रम दिन प्रतिदिन परवान चढ़ रहा है। जबकि सरकार ने बालकों के लिए मुफ्त पढ़ाई के लिए गांव-गांव सरकारी स्कूलों को स्थापित किया है। जहां मुफ्त शिक्षा के साथ तमाम तरह की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन मासूमों के हाथ में कलम और किताब के बजाय मजदूरी के अंधकार मय भविष्य की ओर लोग धकेल रहे हैं।

> ईट भट्ठों पर बच्चों के मजदूरी करने का मामला संज्ञान में है। उस क्षेत्र में चल रहे यूनियन से बात कर परिवार के साथ लेबर का कार्य करने वाले अभिभावकों से बात की जाएगी। जांच कर इसे मुख्य रूप से रोका जाएगा।
>
> **श्रम व प्रवर्तन अधिकारी**
> **बंक बहादुर**





लालगोपालगंज परिक्षेत्र में कच्ची ईंटों की ढुलाई करते बालक तथा क्षेत्र में संचालित ईट भट्ठा।

**बाल श्रम या शोषण :** बाल श्रम एक अभिशाप है। जो बच्चों के स्कूल जाने का अधिकार छीन रहा है। भट्ठा संचालकों के शोषण से मजदूर गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकल पा रहा है। एक ओर 2 जून की रोटी की तलाश में दूसरे जनपदों से आए मजदूर अपने परिवार के साथ मेहनत मजदूरी कर रहा है। **बाल मजदूरी एक अभिशाप :** बाल मजदूरी एक कड़वा सच है। ईट भट्ठा ही नहीं बल्कि कृषि कल कारखाने चाय की दुकान और कबाड़ चुनने वाले क्षेत्रों में बाल श्रम करते मासूम आसानी से देखे जा रहे हैं। गरीबी की चक्की में इस रहे इन नौनिहालों का भविष्य चौपट हो रहा है। सरकार इन बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए तमाम तरह की योजनाएं संचालित की हैं। लेकिन परिवार के गैर जिम्मेदाराना रवैया एक अभिशाप बन गया है।

**स्कूलों में छात्रों की घट गई उपस्थिति :** इन दिनों आलू फसल की खुदाई के साथ कच्ची ईंटों की पथरी का काम तेज हो गया है। गरीब मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। आलू की खुदाई और भट्ठा पर मजदूरी का कार्य तेज होने से स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति घट गई है।

# कार्यालय ग्राम पंचायत रत्यौरा करपिया विकास खंड कोरांव प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**वित्तीय वर्ष 2022 - 23**

पंचम राज्य वित्त /15 वा वित्त योजना एवं मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत रत्यौरा करपिया के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 03 - 03 - 2023 से दिनांक 17 - 03 - 2023 तक सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18 - 03 - 2023 को सायं 3:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ?10 के स्टांप पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियमों की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है। सामग्री की मात्रा प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगी।

**कार्य विवरण :-**

1. माइनर से उपेंद्र के घर तक डब्ल्यूबीएम कार्य, अनुमानित लागत 4.99 लाख
2. जितेंद्र के घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य, अनुमानित लागत 4.50 लाख
3. ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार स्ट्रीट लाइट पर व्यय, अनुमानित लागत 1.80 लाख
4. ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार ह्यूम पाइप पर व्यय, अनुमानित लागत 1.85 लाख
5. उस रिमाइंडर से बैजनाथ के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत 5.62 लाख
6. संतोष उसके घर से उसरी माइनर तक पक्की नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत 5.95 लाख

**शशिकांत कुशवाहा**
**ग्राम प्रधान रत्यौरा करपिया**
**वि० ख० कोरांव।**

**कमल कुमार ग्राम पंचायत**
**विकास अधिकारी रत्यौरा करपिया**
**वि० ख ० कोरांव प्रयागराज**

# आंधी-पानी से विद्युत लाइन पर गिरा पेड़, 24 घंटे प्रभावित रही बिजली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विद्युत कर्मचारियों की 72 घंटे की हड़ताल से वैसे तो पूरे जनपद में अनेक स्थानों पर विद्युत संकट रहा, लेकिन शहर में अनवरत बिजली देने के प्रयास को तब झटका लगा जब शनिवार को आंधी पानी से बडे-बडे.पेड़ गिर गये और शहर की अनवरत चल रही बिजली व्यवस्था धड़ाम हो गई।

शहर के कटरा रोड पर पूरे सुकाल गांव के पास एक विषालकाय पेड़ आंधी पानी में गिर गया था जिससे बिजली विभाग के नौ बिजली के खंभों के तार टूटकर जमीन पर गिर गये थे और खंभे भी झुक गये थे। रविवार को नगर पालिका के 25 कर्मचारी जेसीबी व आटोमेटिक मषीन लेकर पूरे सुकाल गांव पहुंचे और अपरान्ह में कर्मचारी जहां कुल्हाड़ी से डालों को काट रहे थे तो आटोमेटिक मषीन व जेसीबी से मलबा हटाया जा रहा था। पेड़ का मलबा हटने पर बिजली विभाग ने टूटे तारों की मरम्मत रविवार की शाम तक की, तब जाकर 24 घंटे दहिलामऊ क्षेत्र के कई फीडरों को बिजली मिल पाई। नगर पालिका को इस कार्य को नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सफाई प्रभारी प्रषांत सिंह की देखरेख में त्वरित गति से पेड़ को हटाने का कार्य हुआ। इसके अलावा जिन क्षेत्रों में बिजली, पानी का संकट उत्पन्न हो गया था, वहां रविवार को नगर पालिका ने पानी के टैंकर भेजकर पानी उपलब्ध कराया। बताया गया कि मीरा भवन, सदर बाजार, पल्टन बाजार, सहोदरपुर पूर्वी व पष्चिमी में पानी के टैंकर भेजे गये थे जहां पानी लेने वालों की भीड़ देखी गई।

## नगर पालिका ने पेड़ को हटाया तो रविवार की शाम बहाल हुई आपूर्ति



पूरे सुकाल गांव में पेड़ को काटते नगर पालिका कर्मी।

## बिजली गुल होने से मची त्राहि-त्राहि

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विद्युतकर्मियों की हड़ताल के चलते लालगंज क्षेत्र में नगरीय एवं ग्रामीण विद्युत व्यवस्था चरमरा जाने से रविवार को लोग त्राहि-त्राहि करते दिखे। हालांकि शनिवार की शाम से ही एसडीएम तथा सीओ व पुलिस फोर्स संविदाकर्मियों की तलाश में इलाके में सुरागरसी में मशक्कत में भी दिखे। शनिवार की रात से नगर क्षेत्र में भी विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। विद्युत आपूर्ति ठप होने से नगरीय क्षेत्र में ट्रामा सेन्टर तथा सरकारी अस्पताल में आपात सेवा को तो किसी तरह जनरेटर से संचालित किया जाता रहा किन्तु वार्डों में भर्ती मरीज व तीमारदार जरूरी सुविधाओं के लिए परेशान दिखे। विद्युत आपूर्ति ठप होने से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति भी सरकारी स्तर पर बाधित हो उठी। वहीं घरों में भी लोग बिजली गुल होने से परेशान देखे गए। मच्छरों के प्रकोप के चलते लोगों की नींद रात भर खलल में बीती। वहीं कम्प्यूटर संस्थानों पर भी जरूरी कामकाज बाधित दिखा। एसडीएम उदयभान सिंह का कहना है विद्युत आपूर्ति बहाल कराये जाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रशासन वैकल्पिक प्रबंधों को सुनिश्चित करने में जुटा हुआ है। इसके बावजूद बिजली का रविवार को दिनभर अतापता नहीं चल सका।

## एमएमपीजी कालेज में मशरूम की व्यावसायिक खेती का हुआ प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के एमएमएमपीजी कालेज कालाकांकर में रविवार को महाविद्यालय के कृषि विज्ञान विभाग के अंतर्गत आशुतोष यादव के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विगत कई दिनों से मशरूम की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए मशरूम की फसल का सफलता पूर्वक उत्पादन किया इस संबंध में विशेष जानकारी देते हुए प्रशिक्षक और महाविद्यालय के शिक्षक आशुतोष यादव ने निम्नलिखित जानकारियां क्षेत्रीय किसान भाइयों के लिए साझा किया मशरूम के उपयोग से अनेक प्रकार की खाने के व्यंजन जैसे नूडल्स, जैम (अंजीर मशरूम), ब्रेड, खीर, कूकीज, सेव, बिस्किट, चिप्स, जिम का सप्लीमेन्ट्री पाउडर, सूप, पापड़, सॉस, टोस्ट, चकली आदि को बनाया जाता है इसकी अलग-अलग किस्मो को पूरे वर्ष उगाया जा सकता है। उत्पादन तकनीकी प्रसंस्करण आदि विषयो के बार में प्रशिक्षण दिया मशरूम की खेती करने में कम जगह की लागत लगती है जिससे किसान भाई कम समय में मशरूम की खेती कर कई गुना मुनाफा कमा रहे है। यदि आप भी मशरूम की खेती करने का मन बना रहे है, तो महाविद्यालय आकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। इस मशरूम उत्पादन प्रयोगात्मक के सफल उत्पादन के निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव, उप मुख्य नियंता सर्वेश सिंह, प्रो0 रामकरन यादव तथा अन्य शिक्षक बंधु भी उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के बीजूमऊ गांव के पास दो बाइक की हुई टक्कर मे एक युवक की मौत हो गयी। वहीं बाइक सवार तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। लालगंज कोतवाली के बीजूमऊ गांव निवासी भीम कुमार गौतम 24 पुत्र पुत्तीलाल गौतम अपने गांव के साथी वीरेन्द्र यादव 25 पुत्र छोटे लाल यादव शुक्रवार की शाम किसी काम से बाइक से बाभन की बखरी जाने के लिए निकला था। गांव के समीप ही सामने से आ रहे मधुकरपुर निवासी मुकेश सरोज 20 पुत्र सोहन लाल सरोज व लालू सरोज 15 पुत्र ऐशराज सरोज की बाइक से जोरदार टक्कर हो गयी। दुर्घटना में दोनों बाइक पर सवार चारों गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल भेजवाया और परिजनों तक घटना की सूचना भेजवाया। परिजनों के अनुसार जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल भीम कुमार गौतम की रात में मौत हो गयी। मृतक राजमिस्त्री था। मौत की जानकारी होने से परिजनों को रो रो कर बुराहाल है। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि मृतक के शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## समन्वय सेवा संस्था? द्वारा दो दिवसीय श्रावस्ती धम्म यात्रा रवाना

**प्रतापगढ़।** विश्व शान्ति हेतु भारत मे आये 108 सदस्यीय कोरियाई पावन पूज्य भिक्खु संघ के स्वागत हेतु समन्वय सेवा संस्थान, प्रतापगढ़ के उपासिका/उपासकों का 50 सदस्यीय समूह जनपद प्रतापगढ़ से राकेश कन्नौजिया के नेतृत्व में दो दिवसीय श्रावस्ती धम्मयात्रा हेतु रवाना हुआ। इसके पूर्व डॉ. अम्बेडकर चौराहे पर उपजिलाधिकारी मुख्यालय बी.के. प्रसाद,वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न, एलायंस क्लब इंटरनेशनल के रोशन लाल ऊमरवैश्य व अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा आदि ने हरी झंडी दिखाकर विश्व शांति दल को रवाना किया और सफल-सुखद यात्रा की मंगलकामना कीं ज्ञातव्य है कोरियाई पावन पूज्य भिक्खु संघ की विदाई समारोह माननीय मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ में 22 मार्च को शांति उपवन में होगा। यात्रा के दौरान दल विभिन्न धम्म-स्थलों की यात्रा करते हुए अहिंसा और शान्ति का संदेश देगा। यात्रा के संयोजक मनीष रंजन हैं। यात्रा में भंते अश्वजीत, पन्नालाल, डॉ. विजय सरोज, बहन लीलावती, शोभा कनौजिया, गया प्रसाद स्वावलंबी, हरी श्याम मौर्य, वेदप्रकाश सरोज, दिनेश कुमार इत्यादि रवाना हुए।

## 18 वर्ष बाद घर वापसी पर राम जानकी घाट से मां ज्वाला देबी तक परिक्रमा

**परियावां, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत मानिकपुर के ग्रामसभा डंडौली निवासी स्व0 हिम्मत बहादुर सिंह के हत्या के आरोप में कमलेश प्रसाद मिश्रा डंडौली निवासी 18 वर्ष की जेल काटने के पश्चात रिहा होने पर पहली बार अपने घर वापस आये। पुलिस प्रोटेक्शन के साथ सर्वप्रथम शाहाबाद स्थित राम जानकी घाट पर गंगा जी के दर्शन किए तत्पश्चात लेटते हुए परिक्रमा करते हुए मां ज्वाला जी धाम में मां के दर्शन पूजन कर चैकापार पुर स्थित भैंरों बाबा मालिक बिटियन के दर्शन पूजन कर अपने घर डंडौली के लिए प्रस्थान किया। परिक्रमा के दौरान उनके समर्थकों में गजब का उत्साह और पूरे रास्ते मां के जयकारे लगते रहे। इस दौरान ग्राम सभा के शिवमूरत मोछा महराज, सत्येंद्र दुबे, चुलबुल द्रिवेदी, सुनील मिश्रा, गुड्डू पांडे राजकुमार एडवोकेट, दशरथ गौतम सहित बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतक मौजूद रहे।

# शिक्षा भविष्य के लिये पासपोर्टः श्यामजी

## श्रीराम वाटिका में हुआ होली मिलन समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जायसवाल समाज प्रतापगढ़ की तरफ से रविवार को चिलबिला स्थित श्रीराम वाटिका में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। पूजन अर्चन के साथ महिलाओं ने आरती उतारी।

इस अवसर पर छोटे छोटे बच्चो ने नृत्य, संगीत व नाटक प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ अखिलेश जायसवाल ने बच्चो को उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें कई टिप्स दिए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष श्यामजी जायसवाल ने कहा कि होली में किसी को रंग लगाने से ज्यादा अच्छा है किसी के बेरंग जिंदगी में खुशियों के रंग भरे जाए। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा भविष्य के लिए पासपोर्ट है जिसके लिए आज तैयारी करनी पड़ती है। महामंत्री विजय जायसवाल ने कहा कि मेहनत सीढ़ियों की तरह होती है और भाग्य लिफ्ट की तरह लिफ्ट तो किसी भी समय बंद हो सकती है पर सीढ़िया हमेशा ऊंचाई की ओर ही ले जाती हैं। संचालन स्वीटी व आदर्श जायसवाल ने किया। महिला जिलाध्यक्ष ज्योति जायसवाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक रामशंकर जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय जायसवाल, हिमांशु जायसवाल, जिलामंत्री रवींद्र जायसवाल, ध्रुव जायसवाल, रोहित जायसवाल, मुकेश जायसवाल, अजय जायसवाल, नीतू जायसवाल, सुनीता जायसवाल, सुधीर जायसवाल, राजू जायसवाल, प्रिंस जायसवाल आदि मौजूद रहे।



भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन करते मुख्य अतिथि।

## खण्डेलवाल सेवा समिति ने मनाया होली मिलन समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** खंडेलवाल सेवा समिति की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और गले मिलकर बधाई दी सांस्कृतिक कार्यक्रम फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के मेधावी को पुरस्कृत किया गया। शहर के किशोरी सदन में शनिवार को हुए होली मिलन समारोह की शुरूआत अध्यक्षता करते हुए श्याम लाल खंडेलवाल ने संत सुंदरदास जी के तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर व दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद समारोह में मौजूद महिला पुरुषों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाया और होली की बधाई दी। गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की गई। गीत संगीत व धार्मिक तथा होली थीम पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई गई जिसमें खंडेलवाल समाज के बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। शिक्षा के क्षेत्र में समाज का नाम रोशन करने के लिए मानविका खंडेलवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले मेधावियो को पुरस्कृत किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण राधा कृष्ण की फूलों की होली रही। कार्यक्रम का संचालन श्री संजय झालानी व मधुर जसोरिया ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय झालानी,दिनेश जसोरिया, आलोक बडाया, पंकज बाजरग्यान, अरुण जसोरिया, मधुर बाजरग्यान, मधुर जसोरिया, रजत बाजरग्यान, विकास सांवरिया, सुनीता झालानी, सुनीता आंकड, प्रिया जंघीनिया बबीता बाजरग्यान, प्रियंका बाजरग्यान, बबिता बाजरग्यान सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# औराइन सहकारी समिति से निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए सतीश सिंह



सतीश सिंह का माल्यार्पण करते समर्थकगण।

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रविवार को मुजाही बाजार स्थित औराइन सहकारी समिति का चुनाव सकुशल सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से सतीश सिंह को अध्यक्ष तथा जयशंकर शुक्ला को उपाध्यक्ष चुना गया। मौजूद लोगो ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतीश सिंह ने ईमानदारी से काम करने की शपथ लेकर मौजूद लोगों को सम्मानित भी किया।

तहसील क्षेत्र के मुजाही बाजार के समीप औराइन सहकारी समिति केंद्र है। रविवार को समिति का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से सतीश कुमार सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष तथा जयशंकर शुक्ला को उपाध्यक्ष चुना गया। चुनाव संपन्न होने के बाद सहकारी समिति केंद्र पर भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बाबा बेलखरनाथ धाम के ब्लाक प्रमुख सुशील कुमार सिंह मौजूद रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माला पहना कर अभिनंदन किया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा कि ईमानदारी और निष्पक्षता से काम करते हुए लोगो के हित में निर्णय लेना कि हमारा संकल्प है। शपथ ग्रहण समारोह उन्होंने मौजूद क्षेत्रीय पत्रकारों तथा क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को अंगवस्त्रम तथा माला पहना कर अभिनंदन किया। मुख्य रूप से ग्राम विकास अधिकारी सुभाष सिंह सचिव संदीप सिंह मानवेंद्र सिंह ह्मानाह्न संजीव सिंह, फतेह बहादुर सिंह, ओम प्रकाश सिंह एडवोकेट, संतोष तिवारी गौसपुर, डाक्टर आलोक शुक्ला सैफाबाद, रमेश तिवारी प्रधान अरैला, रणजीत सिंह, धर्मजीत सिंह प्यारेपुर सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## रूबी बनी कौशिल्यपुर समिति की निर्विरोध अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज/परियावां, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खंड के साधन सहकारी समिति कौशिल्यापुर के चुनाव में रूबी सिंह निर्विरोध अध्यक्ष बनी, वहीं दीपक कोरी को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया। मेढावा समिति के चुनाव मे पुनः विनोद सिह अध्यक्ष चुने गए। इस मौके पर समर्थकों ने मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। परियावां प्रतिनिधि के अनुसार विकास क्षेत्र कालाकांकर के साधन सहकारी समिति जनवामऊ में रविवार को सभापति, उपसभापति एवं सदस्यों का सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें छोटे लाल यादव मधवापुर सभापति, लालती देवी जनवामऊ उपसभापति, शकुंतला देवीकेरावडीह सदस्य, संतोष कुमार श्रीवास्तव रेवली सदस्य, विजय कुमार रेवली सदस्य, राम लखन मधवापुर सदस्य, सत्येंद्र सिंह झुकवारा सदस्य, राजरानी झुकवारा सदस्य, प्रकाशवती सदस्य। उक्त चुनाव सभी सदस्यों की मौजूदगी में निर्विरोध रूप से संपन्न हुआ, जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगेंद्र सिंह, सुशील सिंह, संतोष यादव, मनोज सिंह, राजेंद्र सिंह एवं समिति सचिव मनीष यादव पंचायत सचिव आफताब आलम के साथ पुलिस प्रशासन कर्मचारी मौजूद रहे।



रुबी सिंह का माला देकर स्वागत करते समर्थकगण।

# मोना के प्रयास से सात सड़कों की मिली सौगात

## विधायक ने सीएम का जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से रामपुर खास विधासभा क्षेत्र को शासन से सात सड़कों की सौगात मिली है। विधायक मोना की मांग पर सीएम द्वारा त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत सड़कों के सापेक्ष धनराशि आवंटित की गयी है। शासन द्वारा सड़कों के निर्माण के लिए धनराशि आवंटन को लेकर क्षेत्रीय विधायक मोना ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का आभार भी जताया है। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बीती तेईस जनवरी को पत्र लिखकर अपने निर्वाचन क्षेत्र रामपुर खास के सांगीपुर तथा लालगंज एवं रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाकों की प्रमुख सड़कों के निर्माण कराये जाने के लिए धनराशि आवंटन का अनुरोध किया था। शासन ने विधायक के प्रस्ताव पर सात सड़कों के निर्माण के लिए दिनांक पन्द्रह मार्च को धनराशि अवमुक्त किये जाने का शासनादेश निर्गत किया है। मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि प्रदेश के संयुक्त सचिव डॉ. संजीव भारद्वाज द्वारा निर्गत पत्र में रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के रानीगंज कैथौला के कामापुर सरैंया में इंटरलॉकिंग तथा सांगीपुर विकास खण्ड के उदयपुर में खानीपुर सम्पर्क मार्ग से सालवाहनपुर तक मीटर इण्टरलॉकिंग, पूरे विजय सिंह में पूरब थरिया मुख्य मार्ग से पूरे अंटा तक, कुम्भी आइमा स्थित ग्रामीण मण्डी स्थल व सम्पर्क मार्ग पर इण्टरलॉकिंग कार्य, देउम पूरब से चैधरी का पुरवा नहर की पटरी से शुकुलपुर बार्डर तक, नौगीर में देउम वीरशाहपुर मार्ग से पूरे लोकई, पूरे सेवकराय, भोजपुर होते हुए रामगंज दर्रा मार्ग पर निर्माण कार्य के लिए धनराशि आवंटित की गयी है। रविवार को इन सड़कों पर धनराशि मंजूरी की जानकारी होने पर क्षेत्र में लोग विधायक मोना के प्रयास की सराहना करते हुए खुश भी देखे गये।

# भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए विपक्षी एका होगी सर्वोच्च प्राथमिकताः प्रमोद तिवारी

## उपनेता बनने के बाद पहली बार रामपुर खास पहुंचे प्रमोद तिवारी, हुआ ऐतिहासिक स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि जनता मंहगाई और बेरोजगारी तथा आतंकवाद को लेकर मोदी सरकार से इस समय बुरी तरह त्रस्त हो उठी है। बीजेपी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए राज्यसभा के उपनेता के रूप में उनकी पहली प्राथमिकता होने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर समान विचारधारा के विपक्षी दलों को कांग्रेस के नेतृत्व में मजबूती के साथ एकजुट करने की है।

रामपुर खास के लालगंज में स्वागत कार्यक्रम को लेकर विधायक पुत्री आराधना मिश्रा मोना के साथ हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद ने केंद्र सरकार पर जबरदस्त हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार पूंजीपतियों को बढावा देकर देश की अर्थव्यवस्था चैपट करने में लगी है। शनिवार को यहां इंदिरा चैक पर राज्यसभा में प्रतिपक्ष के उपनेता बनने के बाद हुए स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में पार्टी भाजपा की अलोकतांत्रिक गतिविधियो तथा संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग की ज्यादती रोकने के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष की धार और तेज करेगी। प्रमोद तिवारी ने कहा कि राज्यसभा में पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है उसे अमल मे लाने के लिए वह देश के सभी राज्यों मे दौरा कर विपक्षी एकता को मजबूत बनाने की शीघ्र मुहिम शुरू करेगे। जनसभा की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि रामपुर खास इतिहास बनाने का आदी हो गया है। राज्यसभा में प्रमोद तिवारी का विपक्ष के उपनेता के पद पर आसीन होना समूचे रामपुर खास के साथ प्रतापगढ़ जनपद के लिए एक नए राजनैतिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय रच गया है। विधायक मोना ने कहा कि रामपुर खास की जनता की ताकत व चैतरफे विश्वास के बूते यह क्षेत्र प्रदेश में विकास तथा आपसी भाईचारे की मिसाल बना हुआ है। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव मुकुन्द तिवारी, पं. श्यामकिशोर शुक्ल, इरफान अली, डा. नीरज त्रिपाठी, कपिल द्विवेदी, मौलाना वाहिद, सरोज कश्यप, प्रशान्त शुक्ल, रामलवट यादव व रामकृपाल पासी ने कांग्रेस की नीतियों पर प्रकाश डाला।



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रमोद तिवारी व मोना।

# पांच मूल्यांकन केन्द्रों पर आधे से भी कम आए परीक्षक, मूल्यांकन शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के पांच मूल्यांकन केन्द्रों पर माध्यमिक षिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गया है। पांचों परीक्षा केन्द्रों पर 3089 परीक्षक आवंटित किये गये जिसमें से 1429 उपस्थित हुए हैं। 1660 परीक्षक अनुपस्थित हुए। जिले में 7 लाख 25 हजार 491 उत्तर पुस्तिकाएं पांचों मूल्यांकन केन्द्रों पर आवंटित हैं जिनमें से अब तक 61234 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई। अभी जिले में 664257 उत्तर पुस्तिकाओं को जांचना बाकी है। बता दें कि राजकीय इंटर कालेज में 773 परीक्षकों में केवल 341 परीक्षक आए हैं। राजकीय बालिका इंटर कालेज में 477 में से 235 परीक्षक आए हैं। केपी हिन्दू इंटर कालेज में 779 में 283 उपस्थित हुए हैं। लोकमान्य तिलक इंटर कालेज में 591 में 331 व पीबी इंटर कालेज में 469 में 239 परीक्षक उपस्थित हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त इन्द्रेश कुमार पुत्र गुलजार निवासी छोकरियन का पुरवा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त इसाक अली उर्फ मो0 इसाक पुत्र जुन्नू निवासी मोहब्बतपुर अनेठा थाना मोहब्बतपुर पइसा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 133 वाहनों का ई–चालान किया गया तथा 02 वाहनों से 1500 रुपये सम्मन शुल्क वसूला गया।

# दफन की गई लाश को सक्षम अधिकारी व परिजनों की मौजूदगी में निकाला गया

## एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी आटो चालक युवक की मौत

अखंड भारत संदेश



गड्ढा खोदकर लाश निकलवाती पुलिस

**कौशाम्बी।** परिजनों के कहने पर एक माह पूर्व दफन की गई लाश को पुलिस ने सक्षम अधिकारी एवं परिजनों की मौजूदगी में निकालवाकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा और उसके पश्चात साक्ष्य संकलित करने में जुट गई। कुछ दिन पहले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी जिसके बाद परिजनों ने बिना सोंचे समझे पुलिस को सूचना दिए बिना जल्दबाजी में लाश का अंतिम संस्कार कर दिया।अंतिम संस्कार करने के बाद परिजनों को शक हुआ कि युवक के दोस्तों ने जहर खिलाकर मार डाला। युवक की मौत के पीछे की सच्चाई क्या है जानने के लिए परिजनों ने अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होकर दफन की गई लाश को निकालवाकर पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। परिजन और सक्षम अधिकारी की मौजूदगी में पुलिस फतेहपुर घाट पहुंचकर लाश को लोगों के द्वारा कब्र खोदकर निकालवाया और उसे पोस्टमार्टम हेतु भेजा। लाश पोस्टमार्टम हेतु भेजने के बाद पुलिस एवं सक्षम अधिकारी ने परिजनों को आश्वस्त किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी और युवक की मौत का दोषी जो भी होगा उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। पिपरी थाना क्षेत्र के पेरई गांव निवासी शिवम उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र तारासिंह की एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। युवक की मौत के बाद क्षुब्ध परिजनों ने ग्रामीणों के कहने पर लाश को आनन - फानन में पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के फतेहपुर घाट ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। अंतिम संस्कार करने के बाद युवक के परिजनों को उसके कुछ दोस्तों के ऊपर शक हुआ कि खाने - पीने की चीज में जहर मिलाकर दे दिया गया जिसका सेवन करने से युवक की मौत हो गई।

# सांसद खेल स्पर्धा एवं कौशाम्बी स्मारिका के प्रकाशन के प्रगति की हुई समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**इच्छुक युवा सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने के लिए अपने ब्लॉक में करायें पंजीकरण**

**कौशाम्बी।** सासंद विनोद सोनकर द्वारा सांसद खेल स्पर्धा के आयोजन एवं कौशाम्बी स्मारिका के प्रकाशन के लिए अब तक की गई तैयारियो की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई सासंद ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों, जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को बैनर आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक युवाओं का सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग के लिए पंजीकरण कराने के निर्देश दियें। इच्छुक युवा सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने के लिए अपने ब्लॉक के खण्ड विकास एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर पंजीकरण करायें ज्ञातब्य है कि सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन ब्लॉक स्तर पर 27 मार्च से 31 मार्च तक तथा ब्लॉक स्तर पर विजेता खिलाड़ियों की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 06, 07, 08 एवं 09 अप्रैल 2023 को किया जायेंगा सांसद द्वारा कौशाम्बी स्मारिका के प्रकाशन की प्रगति की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें गये इस अवसर पर पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल व जितेन्द्र सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं परियोजना निदेशक/जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# खनन से प्रभावित जनपद के 24 ग्रामों में सामुदायिक भवन का निर्माण कराने के निर्देश

## सांसद ने की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक, सासंद के प्रयासों से अथसराय रेलवे स्टेशन पर रैक प्वाइंट बनाने का कार्य किया गया प्रारम्भ

अखंड भारत संदेश




बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी

**कौशाम्बी।** सांसद विनोद सोनकर की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई सांसद द्वारा गत दिशा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा के दौरान रेलवे विभाग से उपस्थित अधिकारी ने बताया कि सासंद के प्रयासों से जनपद के अथसराय रेलवे स्टेशन पर रैक प्वाइंट बनाने के लिए स्वीकृति मिल गई है तथा रैक प्वाइंट बनाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है रैक प्वाइंट बन जाने से जनपदवासियां को खाद सहित आदि सुविधायें शीघ्रता से प्राप्त हों सकेंगी। उन्होंने रेलवे विभाग के अधिकारी को जनपद के सिराथू, भरवारी एवं मनौरी रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में सम्मिलित कराने के लिए प्रस्ताव तैयार कर रेलवे मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित करने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला खनन अधिकारी से कहा कि खनन से प्रभावित जनपद के 24 ग्रामों में जहॉ-जहॉ पर सामुदायिक भवन नहीं हैं, उन सभी ग्रामों में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए उप जिलाधिकारियों के माध्यम से भूमि चिन्हित कराकर कार्यवाही शीघ्र प्रारम्भ कर दिया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा के दौरान बीमा प्रतिनिधि को होर्डिग आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दियें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि पात्र होते हुए भी पूर्व में जिन लोगों को आवास की सुविधा नहीं उपलब्ध करायी गई, इसके लिए दोषी कर्मियों को चिन्हित कर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। सांसद ने डीसी मनरेगा को कार्ययोजना बनाकर मनरेगा श्रमिकों का शत-प्रतिशत श्रमिक पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें, जिससे मनरेगा श्रमिक श्रम विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओ से लाभान्वित हों सकें उन्होंने उपायुक्त स्वतः रोजगार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओ से जोड़कर लाभान्वित कराने के निर्देश दियें उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बिना शिलान्यास करायें सड़कों का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग पीएमजीएसवाई, से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियो को नगर निकायों में साफ-सफाई के साथ ही घर-घर से कूड़ा उठान की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सभी ईओ को वर्षा के पूर्व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि नालियां की सफाई से निकलने वाले कूड़ा का 03 दिन के अन्दर उठान सुनिश्चित किया जाय। उन्होने सभी ईओ को नगर निकायों में शामिल नये ग्रामां में भी हर घर नल से जल पहुँचाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। बैठक में जलमार्ग के अधिकारी ने बताया कि यमुना नदी पर का प्रयागराज से दिल्ली तक राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-110 के रूप में घोषित किया गया है। प्रयागराज किला घाट से सुजान देवता मन्दिर तक लगभग 20 किमी का डीपीआर तैयार कर पटना कार्यालय भेज दिया गया है, जिस पर सांसद ने जनपद के कोशम खिराज तक सर्वे कराकर आवश्यक कार्यवाही कराने के निर्देश देते हुए बताया कि वर्ष-2014 से पहले पूरे भारत में केवल 03 राष्ट्रीय जलमार्ग थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 111 जलमार्गों को चिन्हित कर राष्ट्रीयकृत किया है, जिससे रेलवे व सड़क परिवहन का बोझ कम होगा तथा सस्ते दर पर परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध होंगी बैठक में जिला खनन अधिकारी ने बताया कि जनपद के खनन से प्रभावित 24 ग्रामों में विभिन्न विकास कार्य कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है, जिस पर सासंद ने कहा कि कार्यदायी संस्था से इस्टीमेट प्राप्त कर धनराशि हस्तान्तरित कर विकास कार्य शीघ्र शुरू करा दिया जाय बैठक में बताया गाय कि विकास खण्ड स्तर पर एडीओ (पं0) द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों से नेट कनेक्टिविटी की स्थिति की रिपोर्ट प्राप्त की गई, जिसमें 338 पंचायत भवनों में नेट कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है जिस पर सांसद ने दूर संचार विभाग के अधिकारी को शीघ्र शेष 338 पंचायत भवनों में नेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें इस अवसर पर पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल व जितेन्द्र सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं परियोजना निदेशक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की अगुवाई में गांव गांव टैंकर से कराई जा रही है जलापूर्ति

अखंड भारत संदेश

**बिजली पानी से बेहाल लोगों ने बिजली पानी की आपूर्ति के लिए बुलंद की आवाज**




**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में ग्राम उदहिन बुजुर्ग ब्लॉक सिराथू में बिजली पानी की समस्या से जूझ रहे तमाम लोगों ने बिजली पानी की आपूर्ति के लिए आवाज बुलंद की। साथ ही सरकारी व्यवस्था पर नाराजगी जताई। इस अवसर पर तमाम लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि सरकारी तंत्र की नाकामी के चलते लोगों को बिजली पानी नही मिल रहा जिससे लोग बुरी तरह परेशान हैं।आगे कहा कि पिछले कई दिनों से ठप्प विद्युत आपूर्ति के चलते लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं और प्रशासन के लोग खामोश हैं। इससे जाहिर होता है कि प्रशासन जनहित के लिए जरा भी संजीदा नही है। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि शनिवार को तहसील सिराथू घेराव के चलते जिला प्रशासन कुछ हरकत में आया है। आगे कहा कि शनिवार को तहसील सिराथू घेराव के दौरान जिलाधिकारी कौशांबी से वार्ता के क्रम में ग्रामीण अंचलों में पानी की समस्या के निदान के लिए गांव गांव टैंकर से जलापूर्ति कराए जाने की उनकी मांग के बाद प्रशासन द्वारा कई गांवों जैसे उदहिन बुजुर्ग, घाटमपुर, पड़री आदि गांवों में टैंकर से पानी की आपूर्ति कराई जा रही है। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता जुम्मन अली ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की अगुवाई में क्षेत्र के कई गांवों में टैंकर से लोगों को पानी की आपूर्ति कराई जा रही है। पानी से परेशान लोग पानी मिलने से अजय सोनी को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। इस अवसर पर राधेश्याम तिवारी, बृजेंद्र तिवारी, सतेंद्र तिवारी, बबलू केसरवानी, मन्नू विश्वकर्मा, रामराज, सुनील, इलियास अहमद, मीरा देवी, राजकुमारी आदि मौजूद रहे।

### प्रधान के हिला हवाली से अधर में लटका पानी टंकी निर्माण का काम

**मनौरी कौशाम्बी।** समस्याओं से छुटकारा दिलाने का झूठा आश्वासन देकर निर्वाचित हुए ग्राम प्रधान जनता के लिए मुसीबत बन गए हैं अब उन्हें अपने वादे याद नहीं है उन्हें केवल कमीशन खोरी दिखाई पड़ रही है जिससे जनता परेशान हो कर प्रधान के खिलाफ आवाज बुलंद करने लगी है मामला चायल विकासखंड क्षेत्र के महमूदपुर मनौरी ग्राम पंचायत का है गौरतलब है कि महमूदपुर मनौरी ग्राम पंचायत में पानी की विकराल समस्या से पीड़ित जनता ने आवाज बुलंद की जनता की आवाज बुलंद करने के बाद एक वर्ष पहले महमूदपुर मनौरी में पानी टंकी निर्माण का रास्ता साफ हो गया सरकारी जमीन उपलब्ध कराए जाने की मांग अधिकारियों ने की लेकिन धीरे–धीरे एक वर्ष से अधिक का समय बीत गया लेकिन पानी टंकी निर्माण के लिए ग्राम प्रधान ने अभी तक सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं कराई है ग्राम प्रधान द्वारा जमीन उपलब्ध ना कराने से मनौरी में पानी की टंकी का निर्माण नहीं हो सका पानी टंकी निर्माण ना होने से लोगों को पानी की समस्या का समाधान नहीं हो सका।

## सख्त हुए डीएम कानूनगो को दिए कड़े निर्देश

**कौशाम्बी।** कानून गो की बार–बार शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी सख्त हो गए है उन्होंने कड़े निर्देश दिए हैं जिससे महकमे में हड़कंप मच गया है जिलाधिकारी ने जनसुनवाई करते हुए ककोढा ग्राम में एन एच ए आई चौडीकरण में अधिग्रहण में हुए फर्जी भ्रष्टाचार के मामले को गंभीरता से लिया है विष्णु कुमार सोनी पुत्र रविनाथ दास ने शिकायत कर बताया कि लेखपाल के द्वारा दलालों से साठगांठ कर मेरी जमीन पर फर्जी तरीके से बने हिस्से दार विपक्षी अमित शुक्ला आदि लोगों की जमीन का मुआवजा बढाकर दिलवाया जा रहा है मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि पुनः पुलिस बल व संयुक्त राजस्व टीम बना का प्रकरण की जांच कराई जाए तथा निष्पक्ष जांच कर सभी भूमि स्वामियों को संतुष्ट कर सहमति लेने के बाद ही कानून के वापस लौटेंगे उन्होंने कहा कि यदि इस बार लापरवाही हुई तो किसी भी कीमत पर लेखपाल व कानून गो बख्से नहीं जायेगें लगातार मिल रही बिदनपुर ककोढा ग्राम की शिकायत देखते हुए जिलाधिकारी ने बढ़ा कर मुआवजा बनाने व बनवाने वालों पर कार्रवाई के आदेश दिये वही मौके पर ग्राम के तमाम फरियादियों ने भी जिलाधिकारी से लेखपाल रियाज अहमद व रितेन्द्र सिंह की शिकायत की हेमंत कुमार, संतोष कुमार, अरुण सोनकर, गिरधारी लाल आदि लोगों ने जिला अधिकारी को बताया कि करोड़ों रुपये घोटाला करने वाले व गलत तरीके से दूसरे के हिस्से की भी रकम हड़प करने वाले लोग लेखपाल और कानूनगो के संरक्षण में पल रहे हैं जिस पर उपजिला अधिकारी व तहसील दार पर सख्त जांच कराकर कार्रवाई करने के आदेश दिये पत्रकार विष्णु कुमार सोनी और अजीत कुशवाहा ने बताया कि कानूनगो प्राणघातक हमला कराने की फिराक में योजना बना रहे हैं और विरोधियों के दरवाजे पर जांच की बात कर रहे हैं जहां हमला होने की प्रबल संभावना है उन्होंने बताया कि विरोधी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं और इसके पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुके हैं कानून गो और लेखपाल इन दबंगों से सांठगांठ कर शिकायतकर्ता पर प्राणघातक हमला करने की योजना बना चुके हैं अजीत कुमार वा विष्णु कुमार ने जिलाधिकारी व सी ओ सिराथू के जी सिंह से बताया कि माफियाओं व लेखपाल के गुंडे जांच और नाप के दौरान किसी समय प्राणघातक हमला कर सकते हैं और यह सब सारी साजिश कानून गो लेखपाल रच रहे हैं जिस पर जिलाधिकारी ने एस एच ओ कोखराज को नाप के समय प्रशासन को मुस्तैद व पत्रकार की सुरक्षा को देखते हुए कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है डीएम के सख्त निर्देश के बाद हड़कंप मच गया है।

# किसान की जमीन पर बल पूर्वक कब्जा कर रहे हैं दबंग

अखंड भारत संदेश

**दबंगों से पीड़ित किसान ने तहसील समाधान दिवस में डीएम से की शिकायत**

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के मीरापुर मजरा मर्दानपुर वर्जी में किसान की जमीन जबरिया दबंग कब्जा कर रहे हैं खतौनी खसरा में नाम दर्ज होने के बाद तहसील से हिस्सा बटवारा होने के बाद किसान की संपत्ति उप जिला अधिकारी ने उसके कब्जे में दे दी नजरी नक्शा में जमीन मौजूद होने के बाद किसान की जमीन दबंग जबरिया छीन लेना चाहते हैं दबंगों से पीड़ित होकर सैनी कोतवाली के मीरापुर मजरा मर्दानपुर वर्जी के किसान मेवा लाल मौर्या पुत्र रामनाथ मौर्या ने तहसील समाधान दिवस सिराथू में जिलाधिकारी से शिकायत की है कि उसके आराजी का तहसील से हिस्सा बटवारा हो गया है गाटा संख्या नजरी नक्शा में उसकी संपत्ति अलग कर दिया गया है अभिलेखों में दर्ज गाटा संख्या नजरी नक्शा अपने हिस्से की जमीन पर उसके कब्जे में गांव के दबंग बृजभूषण मौर्या और उनके परिजन जबरिया कब्जा कर रहे हैं जमीन पर कब्जा करने से मना करने पर गाली गलौज मारपीट दबंग करते हैं किसान ने डीएम को बताया कि कई बार मामले की शिकायत थाना और तहसील में की जा चुकी है लेकिन दबंग बृजभूषण मौर्या और उसके लोगों पर कार्यवाही नहीं हो सकी है जिससे उसके हौसले बुलंद हैं किसान की जमीन जबरिया कब्जा किए जाने के मामले की जानकारी मिलते ही डीएम सख्त हो गए हैं उन्होंने अधीनस्थों को निर्देशित किया है किसान की जमीन पर कब्जा करने वाले दबंग बृजभूषण मौर्या पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

# लगातार विजली कटौती से पानी के लिए तरस रहे ग्रामीणों को प्रधान प्रतिनिधि ने पहुंचाई मदद




टैंकर से पानी भरते ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** विद्युत कर्मियों के हड़ताल के चलते पूरे जिले में हाहाकार मचा था जहां बिजली कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा वहीं पानी के लिए भी लोगों के बीच अकाल मच गया कई पानी टंकी बंद हो गई जहां टंकियां चालू भी की गई धीमी गति में नलों से पानी आ रहे थे बिजली सप्लाई न होने से लोगों के घरों के टुल्लू पम्प बंद हो गए इस हाहाकार में कुछ नेताओं ने मदद को भी हाथ बढ़ाया है और पानी टैंकर पहुंचा का पानी की समस्या समाधान करने का प्रयास किया इसी क्रम में कोखराज में लगातार विजली कटने से पानी के लिए हाहाकार मच गया लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ा कोखराज ग्राम के कई पुरवा जो पानी टँकी से पीने का पानी जाता है लेकिन विजली कटौती ने लोगों को प्यासा मरने के लिए मजबूर कर दिया जिस पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नसीम ने जनता को इस परेशानी से बचाने के लिए पानी के कई टैंकर ग्रामीणों के बीच भेज कर राहत देने का कार्य किया जिससे तमाम ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान रमेश व प्रधान प्रतिनिधि को इस कार्य के लिए सरहाना किया।

## अचानक हुई बारिश से मुरझाए किसानों के चेहरे

**कौशांबी।** रविवार की शाम अचानक तेज बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है और उनके चेहरे मुरझा गए हैं खेतों में फसल पककर तैयार है और तेज बारिश होने से फसल खराब होने की उम्मीद जताई जाती है तेज बारिश के चलते कृषि उपज के खराब होने की संभावना से किसानों के बीच अफरा–तफरी मच गई. जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सैकड़ों किसानों के आलू की फसल अभी भी खेतों से खुदाई नहीं हो पाई तेज बारिश के चलते किसान आलू की फसल को बारिश के पानी से बचा नहीं पाए. इससे किसानों के चेहरे पर भारी मायूसी देखने को मिल रही है रविवार को शाम से ही आसमान में बादलों ने डेरा जमा रखा था. सर्द हवाओं का सितम जारी है और इसके साथ ही शाम लगभग 6 बजे से बूंदाबांदी का दौर शुरू हुआ. देखते ही देखते यह बूंदाबांदी का दौर झमाझम बारिश में बदल गया. अचानक जोरदार बारिश व आसमान से तड़प गरज से किसानों में अफरा–तफरी मच गई चना मटर सरसों की फसल भी तेज बारिश से प्रभावित हुई है।

## न्यूज झरोखा

### बुजुर्ग दम्पति को बेवकूफ बनाकर शातिर पैर की चैन पट्टी लेकर फरार



**अझुवा कौशाम्बी।** रविवार सुबह बुजुर्ग दम्पति सुंदर धोबी पुत्र स्व कंधई निवासी मनका पुर कुमहियांवा पत्नी कलुटिया के साथ धुमाई गांव सभा मे आयोजित पुजारी की तेरहवीं में शामिल होने जा रहे थे बुजुर्ग सुंदर के अनुसार अझुवा चौराहा में बस से उतरते ही साइकिल सवार एक शातिर बुजुर्ग से राम राम करते मेल बढ़ाने लगा सीधे साधे बुजुर्गों को अपने विश्वास में लेकर धुमाई गांव छोड़ने को कहने लगा बुजुर्ग दम्पति उसके झांसे में आ गए शायरी माता तिराहे के पास पहुंचने पर शातिर बुजुर्ग सुंदर को बाजार से सामान खरीदने को कह साथ मे ले गया महिला को सड़क किनारे एक चबूतरे में बैठा दिया बुजुर्ग सुंदर को बाजार की एक बंद दुकान के सामने बिठाकर दुकान खुलवाने के बहाने बुजुर्ग महिला कलुटिया के पास पहुंचा और बोला दादा ने चैन पट्टी मंगाई है दे दो समान खरीद कर धुमाई चलें बुजुर्ग महिला ने चैन पट्टी उतार कर दे दी जब शातिर बड़ी देर तक बुजुर्ग बाबा के पास नही पहुंचा तो बाबा अपनी पत्नी कलुटिया के पास पहुंचा। बुजुर्ग महिला ने पूंछा कौन समान खरीदे हो जो पैर की चैन पट्टी मंगवाए थे तो बुजुर्ग ने कहा उसके साथ धोखा हो गया घबराकर उस शातिर को ढूंढने लगा लेकिन शातिर तो फरार हो गया था।

### चुनाव में निर्वरोध अध्यक्ष चुने गए तलत अजीम

**कसेंदा कृषि वानिकी साधन सह सहकारी समिति का हुआ चुनाव**



**कौशाम्बी।** चायल ब्लाक के कसेंदा कृषि वानिकी साधन सह सहकारी समिति में पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को आयोजित हुआ। जिसमें तलत अजीम को अध्यक्ष और मैहर कनौजिया को उपाध्यक्ष चुना गया ।कसेंदा गांव में संचालित कसेंदा कृषि वानिकी साधन सह सहकारी समिति का गठन कई साल पहले हुआ था। जिसके बाद अध्यक्ष के अलावा अन्य पद खाली थे। इससे समिति का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल रहा था। अधिकारियों ने गठन को भंग करके पुनः चुनाव कराकर सिरे से करने का फैसला लिया। रविवार को दोपहर 11 बजे निर्वाचन अधिकारी धनराज सिंह और कृषि वानिकी सचिव अंजनी कुमार पाण्डेय पहुंचे। अधिकारियों ने चुनाव की प्रक्रिया शुरु की। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तलत अजीम और उपाध्याय के लिए मैहर लाल कनौजिया ने नामांकन दाखिल किया। चुनाव की प्रक्रिया पूरी करते हुए तलत अजीम को जिला अध्यक्ष और मैहर कनौजिया को उपाध्यक्ष चुना गया!

### सहकारी समिति के निर्विरोध अध्यक्ष बने मिथलेश कुमार




**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आलमचंद सहकारी समिति के अध्यक्ष के चुनाव मे मिथिलेश कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर मिथिलेश कुमार के निर्विरोध निर्वाचित होने पर उपस्थित लोगों ने उनको फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया है साथ स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर लोगो ने बधाई दी इस मौके पर हर्रायपुर चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार यादव अपने हमराहियों के साथ मौजूद रहे

### भरवारी कस्बे में होली मिलन समारोह में एकत्रित हुए नगरवासी




**भरवारी कौशाम्बी** नगर पालिका परिषदभरवारी अंतर्गत बड़ी कुटी मंदिर गौरा में रमेश मौर्या प्रधान रोही ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमे हजारों लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गिले शिकवे दूर किए इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्थाई अधिवक्ता हाईकोर्ट जे एन मौर्या भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे वही राजेंद्र प्रसाद मौर्या निदेशक पंडित दीन दयाल उपाध्याय विष्ठिथ अतिथि रहे कार्यक्रम का संचालन पत्रकार अरुण गुप्ता ने किया साथ ही कार्यक्रम की शोभा बड़ा रहे भजन कोकिला काजल ने अपने भजन गा कर भीड़ में उत्साह पैदा कर दिया ' बता दे की नगर पालिका परिषद भरवारी में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम चल रहा है ' इस से पहले समाजवादी के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी एवम पूर्व चेयर मैन तथा अध्यक्ष प्रत्याशी कैलाश केसरवानी ने भी 11 मार्च को बृहद होली मिलन समारोह का आयोजन किया था इसी क्रम में नगर पालिका परिषद प्रत्याशी एवम प्रधान रमेश रोही ने आज बड़ी कुटी गौरा में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम किया जिसमे जवाबी कीर्तन कोकिला काजल द्वारा भीड़ की गीत के माध्यम से समा बांधी रक्खी जिसमे हजारों लोगो की भीड़ मौजूद रहीं इस मौके पर रमेश प्रधान ने आय हुई लोगो का अबीर गुलाल लगाकर स्वगत किया।

### निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए राम अभिलाष



**भरवारी कौशांबी।** सहकारी समितियों के चुनाव के क्रम में भरवारी किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर राम अभिलाष निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं राम अभिलाष के निर्वाचित होने के बाद पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कैलाश चंद्र केसरवानी सहित तमाम लोगों ने उन्हें जीत की बधाई दी है निर्वाचन प्रमाण पत्र मिलने के बाद निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष राम अभिलाष को माल्यार्पण कर समिति के सदस्यों ने स्वागत किया है और सभी निर्वाचित सदस्यों का भी स्वागत किया गया है भरवारी किसान सेवा सहकारी समिति के चुनाव में अन्य पदों पर चुनाव संपन्न हो गए हैं चुनाव अधिकारी ने समिति के सदस्यों की उपस्थिति में चुनाव संपन्न कराया है और उन्हें जीत का प्रमाण पत्र दिया है निर्विरोध निर्वाचित राम अभिलाष ने कहा कि वह समिति और किसानों के हितों की रक्षा करेंगे उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दिया जाएगा।

## संपादकीय

# योग का विस्तारीकरण

**भारतीय** वैदिक योग विद्या ने अंतराष्ट्रीय स्वरूप ले लिया है, योग अब न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। भारतीय योग गुरुओं के वर्तमान में लाखों विदेशी शिष्य भी बन चुके हैं।योग एक आत्म केंद्रित शारीरिक क्रिया तथा प्रक्रिया है। इसके लिए किसी विशेषज्ञ की आवश्यकता भी नहीं होती ना किसी महंगी सहायक सामग्री की भी। इसीलिए योग एक रोग निवारक उपाय के रूप में धीरे धीरे व्यापक जन समर्थन प्राप्त करता जा रहा है। योग प्रक्रिया में किसी अनावश्यक धन खर्च की आवश्यकता भी नहीं है और इसमें किसी विशेषज्ञ अथवा स्पेशलिस्ट व्यक्ति को भारी धन खर्च कर उस से ज्ञान लेने की आवश्यकता भी नहीं है। इसीलिए योग रोग निवारक उपाय की तरह ग्रामीण तथा शहरी भारत आदिवासियों महिलाओं के साथ युवाओं, विद्यार्थियों ,गर्भवती माताओं, किशोरियों आदि में नित नई बीमारियों के उन्मूलन में अत्यधिक उपयोगी साबित भी होता जा रहा है। योग से न सिर्फ शरीर एवं मानसिक शक्ति में वृद्धि होती है बल्कि इससे आर्थिक लाभ प्राप्त होने लगे हैं ।योग से अर्थव्यवस्था सुधारने की क्षमता भी बढ़ती आंकी गई है। योग से अर्थव्यवस्था को सुधारने में अग्रणी भूमिका निभाने में बहु उपयोगी है। योग गुरुओं के रूप में नए रोजगार का अवसर ग्रामीण टूरिज्म, योग टूरिज्म, विदेशी मुद्रा की प्राप्ति व्यक्ति की उत्पादन क्षमता में बढ़ना और योग सामग्री का नया बाजार विकसित धीरे-धीरे होने लगा है। योग के प्रचार प्रसार होने तथा इसके लाभों को जन जन तक पहुंचाने के परिणाम स्वरुप आम लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ने लगी है ।फल स्वरूप स्कूल कालेजों तथा अन्य कॉरपोरेट सेक्टर के संस्थानों में योग शिक्षकों की मांग बढ़ने की संभावना बलवती हो गई है। बाबा रामदेव, अयंगर स्वामी, सतगुरु स्वामी ,विक्रम योगी जैसे गुरुओं की तरह अन्य योग के गुरुओं की मांग बेरोजगारी को कम करने में सहायक होगी तथा युवाओं को रोजगार का सतत एवं स्थापित रोजगार प्राप्त होगा। योग के प्रचार प्रसार बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन अर्थ लाभ की प्रक्रिया शुरू होना शुरू होगी तथा ग्रामीण पर्यटन के इजाफे के साथ साथ अन्य क्षेत्र में समग्र रूप से रोजगार बढ़ने की संभावना दिखाई देने लगी है। योग के अवसर शहर के प्रदूषण से दूर ग्रामीण क्षेत्रों की प्राकृतिक छटा के मध्य योग केंद्र स्थापित होने के साथ-साथ यह धन लाभ की योजनाओं को भी सृजित करते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक तथा राजनयिक प्रयत्न के फल स्वरुप संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इसे वैश्विक मान्यता प्रदान करने के लिए 21 जून को प्रतिवर्ष वैश्विक योग दिवस मनाने की महत्वपूर्ण शुरूआत की गई।

# चिंताजनक: चीन और रूस की मित्रता

संजीव

**भारत** अब जी20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है इसका मतलब यह है कि वैश्विक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान अलग-थलग पड़ गए हैं। यदि पुतिन भारत आते हैं तो विश्व में भारत के कद का अलग नजरिया होगा' रूस और चीन की गहराती दोस्ती से भारत के साथ-साथ अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को नुकसान होने की संभावना है, चीन भारत का धुर विरोधी है और रूस परंपरागत मित्र ऐसे में यदि चीन के साथ रूस की जुगलबंदी होती है तो भारत को कूटनीतिक तौर पर थोड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है' क्वाड सम्मेलन के बाद अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान बंगाल की खाड़ी में युद्ध पोतों को भेजकर साझा सैन्य अभ्यास करने में जुट गए हैं। फ्रांस ने तो अपना युद्धपोत तथा लड़ाकू विमान भेज कर इसका आगाज भी कर दिया है। अमेरिका पहले से ही प्रशांत महासागर में अपने बेडें को तैनात कर चुका है। जापान जल्दी बंगाल की खाड़ी और प्रशांत महासागर में अपने युद्धपोत तथा लड़ाकू विमानों की रवानगी करेगा। चीन की विस्तार वादी खतरनाक नीतियों एवं मानव विरोधी हरकतों के कारण विश्व की बड़ी ताकतों को एकीकरण का मौका दे दिया है। चार देश तो किवाड़ सम्मेलन करके उसके खिलाफ अंदरूनी अपने अपने हितों की रक्षा के उपाय भी कर चुके हैं, पर क्वाड सम्मेलन से सबसे ज्यादा तकलीफ चीन तथा रूस को हुई है। ऐसी परिस्थितियों को देखते हुए चीन तथा रूस सामरिक महत्व के कारण एक दूसरे के काफी करीब आ गए और साझा सैन्य अभ्यास करने के मूड में दिखाई दे रहे हैं। अपरोक्ष रूप से चाइना ने रूस की तरफ अपना हाथ मित्रता का बढ़ा कर यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों बड़े देश निकट भविष्य में प्रशांत महासागर मैं ही सैन्य अभ्यास सामरिक महत्व के लिए करने वाले हैं। मूलत क्वाड सम्मेलन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना, अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए दीर्घकालिक परेशानी का सबब बन सकती है। चीन ने अपने देश में जिस तरह आंतरिक उत्पीड़न,तानाशाही और मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ाकर कर एक बंद तथा अमानवीय वातावरण निर्मित किया है, उससे वैश्विक रणनीति तथा राजनीति में दूरगामी परिणामों में बहुत ज्यादा फर्क पडने की संभावना बलवती हो सकती है। चीन में सेना में भर्ती होना नौजवानों के लिए स्वैच्छिक ना होकर अत्यंत आवश्यक है वहां हर नौजवान पर सेना में भर्ती होने का भीषण दबाव रहता है इसीलिए नौजवान खुशी से सेना में अपनी सेवाएं देने से घबराकर हिचकिचाते भी हैं। चीन पाकिस्तान को छोड़कर ना सिर्फ भारत बल्कि अन्य पड़ोसी देशों के साथ पूरे विश्व में विस्तार वादी नीतियों के लिए कुख्यात है, और विगत दिनों भारत की लद्दाख की सीमा पर एल,ए,सी पर जो अतिक्रमण किया एवं दीर्घकालिक भारतीय अधिकारियों के साथ वार्ता कर कुछ पीछे जाकर केवल औपचारिकता ही पूरी की हैं। संपूर्ण रूप से वह पीछे नहीं हटा है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के पदाधिकारी किसी भी हालात में भारत को चैन से रहने नहीं देने पर अडिग हैं।

# राष्ट्र का विकास बाधित होगा संसदीय गतिरोध से

\- ललित गर्ग -

**संसद** की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। यही स्थिति संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में देखने को मिल रही है, इस सत्र को शुरू हुए पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन दोनों सदनों में हंगामे और नारेबाजी के अतिरिक्त और कुछ नहीं हुआ है। जहां सत्तापक्ष संसद में अपनी इस मांग पर जोर दे रहा है कि राहुल गांधी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान भारतीय लोकतंत्र के बारे में जो कुछ कहा, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए, वहीं कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी से कराने पर अड़े हुए हैं और संसद नहीं चलने दे रहे हैं। विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा और नारेबाजी की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है?

कितना दुखद है कि एक दिन भी संसद में ढंग से काम नहीं हो सका है। विवादों का ऐसा सिलसिला छिड़ गया है, जो लगता नहीं कि आसानी से खत्म होगा। विवाद संसद में भी होती हैं और सड़क पर भी। लेकिन संसद को सड़क तो नहीं बनने दिया जा सकता? वैसे, भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसे अवसर पहले भी आए हैं, जब परस्पर संघर्ष के तत्व ज्यादा और समन्वय एवं सौहार्द की कोशिशें बहुत कम नजर आई है। स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। यदि ऐसा होता है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ऐसी भी परिस्थिति आ सकती है कि बजट को बिना बहस के पारित कराना पड़े। यह ठीक नहीं होगा, लेकिन संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष अपना-अपना हठ छोड़ेंगे। फिलहाल इसके आसार नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि यह तय है कि राहुल गांधी लंदन में दिए गए अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगने वाले। एक ओर जहां मल्लिकार्जुन खरगे यह साफ कर चुके हैं कि राहुल गांधी माफी नहीं मांगने वाले, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के अन्य नेता भी यह सिद्ध करने में लगे हुए हैं कि उनके नेता ने लंदन में वैसा कुछ कहा ही नहीं, जैसा बताया जा रहा है। इस तरह की द्वंद्वपूर्ण स्थितियों से तो संसदीय मयार्दाएं बार-बार भंग होती रहेगी एवं संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहेंगे। गलत को गलत न मानने की हठ को कैसे स्वीकार्य किया जा सकता है? यह कैसी हठधर्मिता है कि भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ करने वाले राहुल के माफी मांगने पर कांग्रेस तैयार नहीं कि उन्होंने कुछ गलत किया है।



> न भीष्म पितामह हैं, न कर्ण। सब धृतराष्ट्र, दुर्योधन और शकुनि बने हुए हैं। न गीता सुनाने वाला है, न सुनने वाला। विपक्षी दल अनावश्यक आक्रामकता का परिचय देंगे तो सरकार उन्हें उसी की भाषा में जवाब देगी। इसके चलते अब संसद के सत्रों के दौरान कहीं अधिक शोर-शराबा होने लगा हैं। ऐसा होने का सीधा मतलब है कि संसद में विधायी कामकाज कम, हल्ला-गुल्ला ज्यादा होता है

संसद का यह सत्र इसलिये भी आक्रामक बना हुआ है कि पक्ष एवं विपक्ष दोनों की ही नजरों में वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव है। इसीलिये इसके आसार नहीं कि राहुल गांधी माफी मांगेंगे, वैसे ही इसके भी कोई संभावना नहीं कि मोदी सरकार अदाणी मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की विपक्ष की मांग मानने के लिए तैयार हो जाएगी। इसका एक कारण तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही छह सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा कर चुका है और दूसरा यह कि वित्तीय मामलों में अब तक गठित संयुक्त संसदीय समितियों ने जांच के नाम पर या तो लीपापोती की है या फिर दलगत राजनीति। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अदाणी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की विपक्ष की मांग का मुख्य उद्देश्य इस मामले को अगले आम चुनाव तक जिंदा रखना है। चूंकि सरकार विपक्ष के इस इरादे को भांप चुकी है, इसलिए वह उसकी मांग पर ध्यान देने के लिए तैयार नहीं। कैसी विचित्र एवं त्रासद स्थिति है कि सबके सामने देश नहीं, सत्ता का स्वार्थ है। देश को बनाने एवं विकास की रफ्तार देने के लिये बजट का लोकतांत्रिक तरीकों से पारित होना जरूरी है। यदि ऐसा नहीं होता है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण होगा। ऐसी भी परिस्थिति आ सकती है कि बजट को बिना बहस के पारित कराना पड़े। यह ठीक नहीं होगा, लेकिन संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष अपना-अपना हठ छोड़ेंगे। फिलहाल इसके आसार नहीं दिख रहे हैं।

आग्रह, पूर्वाग्रह और दुराग्रह- भारतीय राजनीति में ऐसे लोग गिनती के मिलेंगे जो इन तीनों स्थितियां से बाहर निकलकर जी रहे हैं। पर जब हम आज राष्ट्र की विधायी संचालन में लगे अगुओं को देखते हैं तो किसी को इनसे मुक्त नहीं पाते। आजादी के बाद सात दशक बीत चुके हैं, लोकतंत्र के सारथियों की परिपक्वता नहीं पनप पा रही हैं, साफ चरित्र जन्म नहीं ले पाया है, लोकतंत्र को हांकने के लिये हम प्रशिक्षित नहीं हो पाये हैं। उसका बीजवपन नहीं हुआ या खाद-पानी का सिंचन नहीं हुआ। आज आग्रह पल रहे हैं-पूर्वाग्रहित के बिना कोई विचार अभिव्यक्ति नहीं और कभी निजी और कभी दल स्वार्थ के लिए दुराग्रही हो जाते हैं। कल्पना सभी रामराज्य की करते हैं पर रचा रहे हैं महाभारत। महाभारत भी ऐसा जहां न श्रीकृष्ण है, न युधिष्ठिर और न अर्जुन।

न भीष्म पितामह हैं, न कर्ण। सब धृतराष्ट्र, दुर्योधन और शकुनि बने हुए हैं। न गीता सुनाने वाला है, न सुनने वाला। विपक्षी दल अनावश्यक आक्रामकता का परिचय देंगे तो सरकार उन्हें उसी की भाषा में जवाब देगी। इसके चलते अब संसद के सत्रों के दौरान कहीं अधिक शोर-शराबा होने लगा हैं। ऐसा होने का सीधा मतलब है कि संसद में विधायी कामकाज कम, हल्ला-गुल्ला ज्यादा होता है। कायदे से इस अप्रिय स्थिति से बचा जाना चाहिए। यह एक बड़ा सच है कि लोकतंत्र एक जटिल व्यवस्था है और इसे बार-बार परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। निश्चित ही, लोकतंत्र पर देश में या देश से बाहर टिप्पणी करते समय व्यापकता में विचार करना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र के किसी भी बड़े नेता की टिप्पणियों में शासन-प्रशासन का इतिहास और भूगोल, भारतीय लोकतंत्र की गरिमा के स्वर होने ही चाहिए। आशा की जाती है कि लोकतंत्र पहले भी बड़ी परीक्षाओं से गुजरकर निखरा है और लोगों को यही उम्मीद होगी कि इस बार भी निखरेगा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि भारतीय लोकतंत्र को हांकने वाले लोग आखिर कब परिवक्व होंगे? कब भारतीय लोकतंत्र इन दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण त्रासदियों से बाहर आयेगा? संसदीय लोकतंत्र की अपनी मयार्दाएं हैं, वह पक्ष-विपक्ष की शर्तां से नहीं, आपसी समझबूझ, मूल्यों एवं आपसी सहमति की राजनीति से चलता है। एक तरह से साबित हो गया, भारतीय राजनीति में परस्पर विरोध कितना जड़ एवं अव्यावहारिक है। राजनीति की रफ्तार तेज है, लेकिन कहीं ठहरकर सोचना भी चाहिए कि लोकसभा, राज्यसभा में थोड़ा सा समय विरोध-प्रतिरोध के लिए हो और ज्यादा से ज्यादा समय देश के तेज विकास एवं देश निर्माण की चर्चाओं एवं योजनाओं में लगें। हमारे राजनेता जब टकराव पर उतरते हैं, तो शायद नहीं सोचते कि देश में क्या संदेश जा रहा है। संसद के इस सत्र में केवल बजट पर ही बहस नहीं होनी है, बल्कि कम से कम तीन दर्जन विधेयक भी पारित होने हैं। इनमें से कई अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक हैं। यदि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के चलते प्रस्तावित विधेयक पारित नहीं हो पाते तो यह एक तरह से राष्ट्र की राह रोकने वाला काम होगा। उचित यह होगा कि सत्तापक्ष और विपक्ष यह समझें कि संसद में गतिरोध की स्थिति पैदाकर वे जनता को निराश करने का ही काम कर रहे हैं। क्या भारतीय राजनीति में आज इतनी शालीनता भी नहीं बची कि अपनी गलती को गलती के रूप में स्वीकार कर आगे ऐसी त्रासद घटनाओं के न होने के लिये संकल्पित हो।

# क्या यही हैं राष्ट्र भक्ति के माप दण्ड ?

तनवीर जाफरी

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने गत दिनों ब्रिटेन के प्रतिष्ठित एवं विश्व विख्यात शिक्षण संस्थान, कैंब्रिज विश्वविद्यालय तथा हाउस ऑफ कॉमन्स परिसर में स्थित ग्रैंड कमेटी रूम में लेबर पार्टी के भारतीय मूल के सांसद वीरेंद्र शर्मा की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आमंत्रित अतिथि की हैसियत से दो अलग अलग व्याख्यान दिये। यहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के संबंध में जहां तमाम बातें कीं वहीं उन्होंने यह भी कहा कि -हर कोई जानता है और यह खबरों में भी है कि भारतीय लोकतंत्र दबाव में है और इस पर हमला हो रहा है...लोकतंत्र के लिए जरूरी ढांचे, मसलन संसद, स्वतंत्र प्रेस, न्यायपालिका सभी पर नियंत्रण हो रहा है, इसलिए हम भारतीय लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे पर ही हमले का सामना कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की लोकसभा में विपक्ष के लिए माइक अकसर खामोश करा दिए जाते हैं। यहां राहुल ने इजरायली स्पाइवेयर पेगासस का इस्तेमाल किये जाने का भी जिक्र किया। जिसके द्वारा विपक्षी नेताओं,अनेक पत्रकारों व प्रतिष्ठित लोगों की जासूसी करने का आरोप लगाया था। राहुल गांधी ने इसी व्याख्यान में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गयी अपनी भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुये यह भी कहा कि जब लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला हो रहा है तो विपक्ष के तौर पर हमारे लिए संवाद करना बहुत मुश्किल हो जाता है. इसलिए हमने भारत की संस्कृति और इतिहास की तरफ मुड़ने का फैसला किया। राहुल गांधी की भारत जोड़ा यात्रा की अपार सफलता से पहले से ही तिलमिलाई बैठी भारतीय जनता पार्टी को राहुल के कैंब्रिज विश्वविद्यालय में भारतीय लोकतंत्र पर मंडरा रहे कथित खतरों का जिक्र करना कतई नहीं भाया। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर सरकार के अनेक मंत्रियों तक ने लोक सभा के निर्वाचित प्रतिनधि राहुल गांधी की आलोचना से लेकर उनसे मुआफी मांगने तक,बहुत कुछ कह डाला। लोक सभा व राज्य सभा से लेकर संसद के बाहर तक तमाम भाजपाई राहुल गांधी पर कुछ इस तरह और ऐसे अभद्र व अपमान जनक शब्दों के साथ हमलावर हुये गोया राहुल गांधी से बड़ा राष्ट्र विरोधी और देश का दुश्मन कोई दूसरा नहीं। कई दिनों तक संसद की कार्रवाई भी इसी मुद्दे को लेकर बाधित रही। बहरहाल, राहुल गांधी के कैम्ब्रिज व्याख्यान के विरुद्ध मुखर होकर बोलने वालों में एक नाम भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर का भी था जिन्होंने राहुल गांधी के विरुद्ध अनेक अमर्यादित टिप्पणियां कीं। प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि -राहुल गांधी को विदेशी धरती पर दिए गए उनके कुछ विवादास्पद बयानों के लिए देश से निकाल कर फेंक देना चाहिए। प्रज्ञा ठाकुर ने कथित चाणक्य नीति को उद्धृत करते हुये कहा कि विदेशी महिला से उत्पन्न पुत्र कभी देशभक्त नहीं हो सकता और राहुल गांधी ने इस कथन को सच साबित कर दिया है।उन्होंने यह भी कहा कि- हमारे भारत के नहीं हो, मान लिया हमने, क्योंकि जो आपकी माताजी हैं वह इटली की हैं। प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि आप विदेशों में बैठ कर कहते हो कि हमें संसद में बोलने का अवसर नहीं मिल रहा है। इससे शर्मनाक बात और कुछ नहीं हो सकती। इन पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करना चाहिए कि हमारे देश में कैसी राजनीति कर रहे हैं यह। अब इनको राजनीति का अवसर नहीं देना चाहिए। इनको इस देश से निकाल करके फेंक दें।

यहां प्रज्ञा ठाकुर द्वारा के एक सांसद होने के बावजूद पूर्व में दिये गये उनके अति विवादित एवं आपत्तिजनक बयानों को इसलिये याद किया जाना जरूरी है ताकि यह समझा जा सके कि राहुल गाँधी तथा उन्हें देश के बाहर निकाल फेंकने की बातें करने वाली प्रज्ञा ठाकुर के बयानों में वास्तव में राष्ट्र विरोधी बयानबाजी कौन करता रहा है। दो वर्ष पूर्व इन्हीं सांसद प्रज्ञा ने राष्ट्रपति महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को देश भक्त बताया था। उन्होंने कहा था कि नाथूराम गोडसे देशभक्त थे, देशभक्त हैं और रहेंगे। प्रज्ञा के इस बयान की जब चौतरफा आलोचना हुई तो उन्होंने अपने इसी विवादित बयान के लिए मुआफी मांगी और कहा कि - यह मेरी व्यक्तिगत राय है. मेरा इरादा किसी की भावना को ठेस पहुंचाने का नहीं था. यदि मेरे बयान से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं मुआफी मांगती हूं। गांधी जी ने देश के लिए जो कुछ किया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता और मेरे बयान को मीडिया ने तोड़-मरोड़कर पेश किया। परन्तु प्रज्ञा ठाकुर के इस माफी नामे के बावजूद स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसी समय एक निजी चैनल को दिए गये साक्षात्कार में प्रज्ञा के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, था कि- गांधी जी, गोडसे के बारे में जो भी बातें कही गई हैं, जो भी बयान दिए गए हैं, ये भयंकर खराब हैं। ये घृणा के लायक हैं, आलोचना के लायक हैं। सभ्य समाज के भीतर इस तरह की भाषा नहीं चलती है। इस तरह की सोच नहीं चल सकती इसलिए ऐसा करने वालों को सौ बार सोचना पड़ेगा।प्रधानमंत्री को यहां तक कहना पड़ा था कि - उन्होंने मुआफी मांग ली, अलग बात है लेकिन मैं उन्हें मन से मुआफ नहीं कर पाऊंगा। गोया प्रज्ञा ने अपने इस घृणित बयान से प्रधानमंत्री तक को असहज कर दिया था। यही प्रज्ञा ठाकुर थीं जिसने मुंबई हमले के शहीद हेमंत करकरे की शहादत का अपमान करते हुये कहा था कि करकरे ने उन्हें प्रताड़ित किया था और उन्होंने उनके (करकरे के) सर्वनाश का श्राप दिया था, इसलिए आतंकवादियों ने उन्हें मार दिया। उस समय भी प्रज्ञा के बयान से कोहराम मच गया था। यही प्रज्ञा ठाकुर वर्ष 2008 में हुए मालेगांव विस्फोट के मामले में आरोपी हैं जिस में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। प्रज्ञा इसी अपराध में अभी भी जमानत पर हैं। इन सब के अतिरिक्त भी वे अनेक बार साम्प्रदायिकता व वैमनस्य फैलाने वाले फायर ब्रांड बयान देती रही हैं। एक ओर तो प्रज्ञा के बयान उनके संस्कारों व कथित देशभक्ति का परिचय कराते हैं,दूसरी ओर जिस राहुल को वह देश से निकाल फेंकने व विदेशी महिला से उत्पन्न पुत्र होने के नाते उनके देशभक्त न होने जैसी निम्नस्तरीय भाषा का प्रयोग कर रही हैं वह पंडित मोतीलाल व जवाहर लाल तथा फिरोज गांधी जैसे स्वतंत्रता सेनानियों व इंदिरा गांधी व राजीव गांधी जैसे शहीदों के वंशज हैं। राहुल गांधी ने अपने उन्हीं संस्कारों की वजह से वर्तमान समय में अपनी जिम्मेदारियाँ महसूस करते हुये देश को साम्प्रदायिक दुर्भावना को छोड़ एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से भारत जोड़ो यात्रा जैसे साहसपूर्ण व कठिन कार्य का जोखिम उठाया। इस समय भी वे संसद से लेकर सड़कों तक विपक्ष की एकमात्र सबसे सशक्त आवाज हैं। ऐसे में इस बात पर चिंतन जरूरी है कि आखिर राष्ट्र भक्ति के माप दण्ड हैं क्या ? राहुल गांधी का विपक्षी नेता के नाते सरकार व सत्ता से सवाल करना या गाँधी के हत्यारे को महिमामंडित करना व शहीदों का अपमान करना ?

# घर की मुंडेर पर नहीं चहकती चिड़िया....

डॉ महेश

**बचपन** में चिड़ियों पर बहुत सी कहानियां पढ़ते थे। मां की कहानियों में भी कभी-कभी चिड़िया चूं-चूं बोल जाती थी। अपने दोनों पंजों से चिड़िया जब आगे बढ़ती है, तो उसे फुदकना कहते हैं, यह मां की कहानियों से ही जाना। चिड़िया से आज तक किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। सचमुच अपने सामने किसी चिड़िया का चहकना कितना भला लगता है। उसकी चहचहाहट में भी एक लय है। बचपन मानो उसकी लय पर थिरक उठता है। हममें से शायद ही कोई ऐसा हो, जिसने चिड़ियों की चहचहाहट न सुनी हो। वह बचपन, बचपन ही नहीं, जिसमें चिड़ियों की चहचहाहट वाली कोई कहानी ही न हो। मेरा बच्चा एक दिन कुछ कह रहा था। चिड़िया आती है, चिड़िया जाती है, चिड़िया दूर-दूर चली जाती है। फिर आती है, दाना चुगकर चली जाती है..। बच्चों के कोमल मन पर भी चिड़िया अपना प्रभाव अवश्य छोड़ती है। बचपन से लेकर बुढ़ापे तक चिड़ियों का साथ होता है। एकमात्र यही ऐसा परिंदा है, जिसे कोई अपना दुश्मन नहीं मानता। लेकिन आज ये ही दोस्त हमारे बीच से गुम हो रहे हैं। अब सुबह चिड़ियों की चहचहाहट से नहीं होती। उनकी राह देखनी पड़ती है। भाग्य अच्छा हो, तो वह दिख भी जाती है। कांक्रीट के जंगल में अब वह अपना घरौंदा नहीं बना पाती। पहले पेड़ों पर अपना घरौंदा वह बना भी लेती थी। पेड़ उसके घरौंदे को सुरक्षित रख भी लेते थे। आज कांक्रीट के इस जंगल में ऐसी कोई बिल्डिंग नहीं, जो उसके घरौंदे को महफूज रख सके। इन घरों में वह सब कुछ होता है, जिससे घर संवरता है। ऐसे घरों में चिड़ियों का प्रवेश होता तो है, पर उस घर के लिए नुकसानदेह साबित होता है। कभी एक उंगली जितने सहारे पर टिकी कोई फ्रेम या शो पीस या फिर कोई कीमती सामान, इन चिड़ियों के कारण टूट फूट जाता है। ऐसे घरों के लोग चिड़ियों को दुत्कारने लगते हैं। वास्तव में चिड़ियाएं वहां प्यार का संदेशा देने जाती हैं। पर उनके संदेशों को कोई सुनना नही चाहता।

आखिर चिड़िया क्यों हमारे आँगन में नहीं फुदकती? क्या वह हमसे नाराज है? या फिर वह हमसे कुछ कहना चाहती है? दरअसल चिड़ियाएं कभी किसी से नाराज नहीं होतीं। नाराज होना तो उनके स्वभाव में ही नहीं है। वे तो यह समझ ही नहीं पा रही हैं कि अब घरों में उसके लिए जगह क्यों नहीं है? उसके लिए दाने पानी के कटोरे अब कहीं-कहीं ही देखने को मिलते हैं। ऐसा क्यों है, यह सोचना उसका काम नहीं। सोचना तो हमें है कि आखिर चिड़ियाएं अब घरों के अंदर बेखौफ होकर क्यों नहीं आतीं? बसेरे के लिए अब उतने घने दरख्त भी कहां बचे, जहां वह अपने बच्चों को सुरक्षित रखकर दाने पानी की तलाश में निकल सके। पेड़ और इंसान के दरो-दीवार उसके विश्वास और भरोसे के दायरे से धीर-धीरे अब दूर होने लगे हैं। अब सुनने को नहीं मिलती गोरैया की मीठी तान, न उस पर कोई कहानी। अब न नानी है, न कहानी। हम प्रतीक्षा करते हैं, दाना पानी लेकर चिड़िया का। वह आएगी, दाना चुगेगी और चोंच में दबाकर चली जाएगी। बिल्कुल बच्चे की कविता की तरह। आप बताएंगे, क्या चिड़िया आएगी? क्या वह हमसे नाराज है? क्या वह हमसे कुछ कहना चाहती है? क्या हम उससे यह वादा नहीं कर सकते कि हमारी सुबह उसकी चहचहाहट से होगी? हम देंगे उसे दाना पानी। हम रखेंगे उसका खयाल। हम सिद्ध कर देंगे कि हम उस पर आश्रित हैं, वह हम पर नहीं। वैसे तो हर साल 20 मार्च को विश्व गोरैया दिवस मनाया जाता है। पर हमारे देश में यह भी अन्य दिनों की तरह एक ऑपचारिकता ही है। विश्व गौरैया दिवस की स्थापना द नेचर फॉरएवर सोसाइटी के संस्थापक मोहम्मद दिलावर ने की थी। उन्होंने जैव विविधता फोटो प्रतियोगिता, वार्षिक स्पैरो अवाड्र्स, प्रोजेक्ट सेव अवर स्पैरो और कॉमन बर्ड मॉनिटरिंग ऑफ इंडिया कार्यक्रम सहित कई परियोजनाएं शुरू कीं। पहला विश्व गौरैया दिवस वर्ष 2010 में आयोजित किया गया था। वर्ल्ड स्पैरो अवाड्र्स की स्थापना 2011 में की गई थी। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों कोदिया जाता है, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण और सामान्य प्रजातियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 20 मार्च का दिन घरेलू गौरैया और इससे होने वाले खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए है। विश्व गौरैया दिवस का उद्देश्य पूरी दुनिया में जागरूकता बढ़ाना और प्रक्षियों की रक्षा करना है। कुछ साल पहले आम तौर पर लोगों के घरों में गौरैयों को देखा जाता था। बढ़ते ध्वनि प्रदूषण के कारण यह पक्षी अब विलुप्त होने के कगार पर है।

# सहीराम की श्रद्धांजलि

डॉ. सुरेश

**दाँतों** के बीच जीभ और बुरों के बीच सही आदमी एक जैसे होते हैं। थोड़ा-इधर हुए कि नहीं धर-दबोच लिए जाते हैं। सही आदमी मित्रता कम शत्रुता अधिक करता है। उनका बीपी हाई और शुगर लेवल आऊट ऑफ कंट्रोल रहता है। माथे की सिलवटें प्रश्न चिह्न के रूप में बदल जाती हैं। उन्हें कौन समझाए कि आज के समय में सामने-सामने लड़ने वाला हमेशा हारता है। आज का समय पीठ पर छुरा घोंपने वालों का है। जो यह कर सकता है वही जीतता है। देश में हजारों मुद्दे हैं और करोड़ों झूठ बोलने वाले हैं। इसीलिए झूठ बोलने वालों के बीच सही आदमी को नहीं जाना चाहिए। यहाँ आज भी बछड़े को गधा बताने का ट्रेंड बड़े धड़ल्ले से चल रहा है। झूठे से झूठे को लड़ना चाहिए तब कहीं जाकर जीत सच की होती है। वह क्या है न कि दो झूठ बोलने वाले अक्सर एक-दूसरे के बारे में सच बक ही देते हैं। ऐसे ही हमारे एक मित्र थे सहीराम। चूँकि खुद को सही आदमी मानते थे इसलिए बाकी सब उनकी दृष्टि में गलत आदमी लगते थे। दो सही आदमी अधिक समय तक मित्र नहीं रह सकते। अलबत्ता दो झूठे मरने के बाद भी नर्क में मिलकर रह सकते हैं। मेरा मित्र आधुनिक समय का रोतू बाबा था। रात भर जागकर रोता था और दिन भर दूसरों को कोसता था। वह बात-बात में लड़ बैठता था। गाली-गलौज पर उतर आता था। उसकी मानें तो दुनिया सही हो ही नहीं सकती। वह पहले गोरा था। झूठ के प्रदूषण से कब काला पड़ गया पता ही नहीं चला। नौकरी उसकी फाइलों पर से धूल झटकने की थी, लेकिन देश में फैले धूल के लिए खीझा हुआ रहता था।

# अवैध खनन से नदी में हुए गड्ढे में डूबे बालक की हुई मौत

## -गुस्साये लोगों ने पोकलैण्ड में लगाई आग -विधायक अनिल प्रधान की पहल पर शव को पोस्टमार्टम भेजा-घाट संचालक समेत पांच के खिलाफ एफआईआर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाडी थाना क्षेत्र के गडौली गांव में नदी नहाने गए छात्र की बागै नदी में डूबने से मृत्यु हो गई। परिजनों ने बालू पट्टेधारक पर नदी की बीच जलधारा से पोकलैंड से बालू निकालने का आरोप लगाया है। अवैध खनन से नदी में हुए गहरे गड्ढों में युवक के फंसने से मौत से अक्रोशित ग्रामीणों ने नदी किनारे शव रखकर न्याय की गुहार लगाई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस-प्रशासन जांच में जुटा है। विधायक अनिल प्रधान के पहुंचने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा गया।

ये हादसा रविवार को सुबह आठ बजे पहाडी थाना क्षेत्र के गडौली घाट में हुआ। बताया गया कि महेश पुत्र बिंदा, विवेक पुत्र सुमेर, सुभाष पुत्र छेदीलाल, सचिन पुत्र कुबेर बागे नदी मे नहाने गए थे। अचानक सचिन (17) पुत्र कुबेर वर्मा गहरे पानी में डूबने लगा। बाकी साथियों ने आसपास खड़े लोगों को आवाज लगाई, लेकिन बचाने को कोई नही पहुंचा। बालू ठेकेदारों और उसके गुर्गों ने देखा कि कोई पानी में डूब रहा है। आनन-फानन में सारे ट्रक-ट्रैक्टर, पोकलैण्ड मशीन लेकर घाट से भाग गए। पास में नदी किनारे बारी लगाए बडकू एवं हरिशचंद निषाद ने पानी में कूदकर सचिन को बचाने का प्रयास किया, लेकिन



पानी में डूबने से सचिन की मौत हो चुकी थी।

गडौली गांव के हजारों लोग घाट पर एकत्र होकर पोकलैण्ड मशीन में आग लगा दी। प्रशासनिक अमला के पहुंचने पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, तहसीलदार संजय अग्रहरि व सरधुवा पुलिस ने लोगों को समझाने के प्रयास किये। लोगों ने अवैध खनन की शिकायत कर कहा कि शासन-प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लिया होता तो ऐसी घटना न होती। बालू माफियाओं ने बांदा जिले में खुदाई की जगह जिले की सीमा में अवैध खनन कर रहे हैं। इससे नदी की जलधारा मे गहरे गड्ढे हो गए हैं।

एक हफ्ते पहले गांव के ही पुरुषोत्तम पांडेय एवं कृष्ण चंद्र तिवारी के दो बच्चे भी इसी स्थान पर डूब रहे थे। नहाने गए लोगों की सक्रियता से उन्हें बचा लिया गया था। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने कहा कि युवक सचिन वर्मा की डूबने से मौत हो गयी है। शासन से मिलने वाली सांत्वना राशि जल्द दिलाई जायेगी। पुत्र की मौत से पिता कुबेर व माता फूलमती का रो-रो कर बुरा हाल है। भाई विक्की भी बदहवास है। सदर विधायक अनिल प्रधान, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी शीतला प्रसाद पांडेय, थाना पहाड़ी प्रभारी राम सिंह, थाना सरधुवा प्रभारी प्रवीण सिंह, थाना राजापुर प्रभारी भास्कर मिश्र, प्रधान गडौली समेत पीएसी बल मौजूद रहा। पुलिस ने बालू खदान संचालक समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# फटाफट खबरें

## भाकियू ने गन्ने का रस पीकर खेली होली




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकियू ने किसान होली मिलन समारोह शहीद पार्क में धूमधाम से मनाया। होली मिलन में किसानों ने फाग गीत गाये।

रविवार को शहर के शहीद पार्क में भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में जिले के कोने-कोने से तमाम किसानों की मौजूदगी में होली मिलन समारोह हुआ। समारोह में संगीत पार्टी के फाग गीतों की धुन पर किसान जमकर झूमे-नाचे। सभी किसानों ने गन्ने का रस पीकर हर्षोल्लास से होली मिलन समारोह में एक-दूसरे के गले से मिले। किसानों ने राहगीरों के साथ भी होली खेली। सभी लोगों को गन्ने का रस पिलाकर होली के रंग में सराबोर रहे। होली मिलन समारोह में भाकियू के सभी पदाधिकारी व भारी तादाद में किसान मौजूद रहे।

## थाने में पीडित खुद बताये समस्या: कोतवाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी में इन दिनों दलालों का जमघट लगने पर कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र सिंह ने दलालों को फटकार लगाते हुए कहा कि दलाल थाने के बाहर ही रहें। पीडित को अपनी समस्या खुद बताने दें।

रविवार को कोतवाली कर्वी के कोतवाल दीपेन्द्र सिंह ने थाने में आये फरियादियों के साथ किसी न किसी दलाल के साथ में आने पर उन्होंने कडा एतराज जताया। कोतवाल ने एक दलाल को फटकार लगाते हुए कहा कि थाने में पीडित को खुद अपनी समस्या बताने दें। थाने में दलालों के प्रवेश पर पाबन्दी लगाते हुए कोतवाल ने कहा कि थाने में फरियादियों की समस्यायें ध्यान पूर्वक सुनी जाती हैं। ऐसे में दलालों की कतई जरूरत नहीं है।

उल्लेखनीय है कि थाने में इन दिनों दलालों का जमघट ज्यादा लगने लगा है। दलाल थाने में पुलिस के नाम पर मनमानी पैसा लेकर समझौता कराने का ठेका लेते हैं। ऐसे दलाल संबंधित व्यक्ति को पैसा भी नहीं देते और खुद हजम कर जाते हैं। ऐसा ही एक मामला शोभा सिंह पुरवा के रहने वाले एक दलाल ने किया है। कोतवाल ने उसे कडी फटकार लगाई है।

## चालक फरार, पुलिस ने तस्करी की 22 पेटी शराब पकडी


**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मप्र से तस्करी कर लाई जा रही 22 पेटी शराब भरतकूप थाना पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस को चकमा देकर बुलेरो चालक फरार हो गया।

रविवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदारबिन्द की टीम व पीआरवी टीम 2047 ने बुलेरो में भरकर ले जाई जा रही 22 पेटी शराब बरामद की। गाडी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम ने थोथी नाला के पास संदिग्ध वाहनों की जांच कर रहे थे। बुलेरो को रोकने का इशारा किया तो चालक तेज गति से गाडी भगाकर सरस्वती भरत मन्दिर इंटर कालेज की ओर ले गया। पुलिस टीम ने गाडी का पीछा किया तो चालक गाडी छोडकर भाग गया। पुलिस ने वाहन की तलाशी में 22 पेटी मप्र की देशी शराब बरामद की। प्रत्येक पेटी में 45 क्वार्टर देशी शराब थी।

पुलिस ने गाडी के अन्दर से कैलाश कुमार पुत्र माता प्रसाद निवासी चित्रकूट का ड्राइविंग लाइसेंस व गाडी के कागज बरामद किये हैं। वाहन स्वामी के नाम पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस को एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।

## नवरात्रि-रमजान पर्व शान्ति से मनायें, चौकीदारों को थाना प्रभारी ने बांटी साइकिल




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर बहिलपुरवा थाना प्रभारी गुलाबचन्द्र सोनकर ने नवरात्रि एवं रमजान पर्व के मद्देनजर थाना क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों की बैठक बुलाकर पर्वों को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने का अनुरोध किया। उन्होंने क्षेत्र के चैकीदारों को साइकिल भी बांटी।

रविवार को बहिलपुरवा थाना प्रभारी गुलाबचन्द्र सोनकर ने नवरात्रि व रमजान पर्व के मद्देनजर क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों की बैठक में कहा कि सभी पर्वों को मिलजुलकर मनाना चाहिए। किसी को कहीं कोई परेशानी हो तो सीधे पुलिस थाने आकर उनसे बतायें। उन्होंने शान्ति समिति की बैठक में क्षेत्र के प्रधान, धर्मगुरु व समिति के सदस्यों तथा चैकीदारों से कहा कि नवरात्रि व रमजान पर्व को शान्ति पूर्वक ढंग से सभी लोग मनायें।

थाना प्रभारी ने इस मौके पर मौजूद क्षेत्र के चैकीदारों के बीच साइकिल बांटी। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के आदेश से पुलिस लाइन से मिली साइकिलों को चैकीदारों के बीच बांटा। साइकिल पाकर चैकीदार खुशी-खुशी अपने घरों को गये।

## भोजपुरी फिल्म नालायक, छोटकी दुल्हिन व वसीयत का एक साथ मुहूर्त

**अयोध्या। राम की** नगरी अयोध्या के हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद तीन भोजपुरी फिल्मों का भव्य मुहूर्त किया गया जिसमें नालायक ,छोटकी दुल्हिन और वसीयत है । इस शुभ अवसर पर हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास, संजय दास के साथ कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे और इन सभी लोगों ने फिल्म की सफलता हेतु अपना शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान की।

# सेल्फ स्ट्रीम-बाडी कान्फिडेंस का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

## सिखाई गई बातें विद्यालय में करें प्रयोग: एनपी सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ से मिले निर्देशों के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में जीवन कौशल विकास के तहत सेल्फ स्ट्रीम एवं बाड़ी कॉन्फिडेंस पर आधारित तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण बीआरसी रामनगर में 17 मार्च से शुरू हुए कार्यक्रम का आज समापन हुआ।



रविवार को समापन में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं में भविष्य में जीवन कौशल एवं आत्मविश्वास विकास को लेकर शिक्षकों ने अभिभावकों व जनसामान्य के बीच किस तरह कार्य करना है। छात्र-छात्राओं को शिक्षा देने के साथ आत्मनिर्भरता, भविष्य में बेहतर नागरिक बनने, बेहतर समाज के निर्माण में योगदान देने, लैंगिक समानता आदि की बाबत कैसे उन्हें तैयार करना है। इस विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का पहला चक्र अक्टूबर-नवंबर में संपन्न हुआ था। विकासखंड रामनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं में से 61 को प्रशिक्षण दिया गया था। दूसरे चक्र के प्रशिक्षण में 58 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। रामनगर ब्लाक में 119 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आधा फुल आधा हाफ माड्यूल की 10 प्रतियां भी दी गईं। खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर एनपी सिंह ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि प्रशिक्षण में बताई बातों को विद्यालय में छात्र-छात्राओं व अभिभावकों के बीच प्रयोग में लाये। दिए गए माड्यूल के आधार पर प्रत्येक सप्ताह गतिविधियों का आयोजन करें, ताकि प्रशिक्षण का वास्तविक लाभ छात्र-छात्राओं के जीवन कौशल विकास में प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण के समापन पर 58 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिये गये। प्रेमचंद यादव, विराग कुमार शुक्ला ने संदर्भदाता के रूप में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण की बारीकियां बताई। प्रशिक्षण में कार्यालय सहायक राकेश कुमार पांडेय, प्रदीप कुमार पांडेय, आनंद सिंह, दयाशंकर वर्मा, क्वालिटी कोऑर्डिनेटर मोहम्मद शफी, कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश रैकवार ने योगदान दिया।

# तीसरे दिन भी जारी रही हड़ताल, मंत्री ने मानी मांगें

## धुस मैदान में विद्युत कर्मी करते रहे नारेबाजी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने केंद्रीय आवाहन पर 72 घंटे हड़ताल की। तीन दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री से हुई वार्ता को लागू करने की सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मांग उठाई।



रविवार को हडताली विद्युत कर्मियों ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने लिखित समझौते को लागू करने को 15 दिन का समय लिया था। तीन माह 18 दिन बीतने के बाद भी एक भी बिंदु पर कार्रवाई नहीं हुई। आक्रोशित बिजली कर्मचारियों ने बाध्य होकर 15 मार्च को सवेरे से कार्य बहिष्कार कर 16 मार्च की रात 10 बजे से हड़ताल शुरू कर 72 घंटे तक जारी है। सभी अधिकारियों ने सीयूजी नंबर कार्य बहिष्कार तक मोबाइल से निकाल कर जिला संयोजक के पास जमा कराये हैं। समझौता पत्र पर कार्रवाई न होने दौरान किसी अधिकारी-कर्मचारी का उत्पीडन होने पर बेमियादी हड़ताल शुरू कर दी जायेगी। कर्मचारियों को जेल में डालने की दशा में प्रदेश भर के कर्मचारी जेल भरो आंदोलन शुरू कर देंगे। समझौता पत्र में चैदह सूत्रीय प्रमुख मांग में सभी ऊर्जा निगमो में चेयरमैन, प्रबंध निर्देशको की नियुक्ति, प्रदेश सरकार की मेमोरेंडम आफ आर्टिकल के संशोधित आदेश के तहत किया जाये। सभी बिजली अधिकारी एवं कर्मचारी को पूर्व की भांति पद्दोन्नति वेतनमान दिया जाये।

इस मौके पर जिला संयोजक एसडीओ शिवम गुप्ता, आशीष सिंह, रमाशंकर गुप्ता, सुभाष चन्द्र, ओपी कुशवाहा, अनिल सिंह, राहुल सिंह, अवर अभियंताओं में शैलेश प्रजापति (अध्यक्ष), उमाशंकर यादव (सचिव), अनुपम कुमार, महेश कुमार मौर्य, रंजीत प्रजापति, प्रदीप गुप्ता, करन सिंह, ईश्वर सिंह, मनीष कुमार, दीपक कुमार, सौरभ अग्रहरि, गिरीश कुमार, दारा सिंह, नोडल में शिवप्रकाश अवस्थी, विनोद कुमार, शिवप्रसाद राही, उन्मतलाल, अनिरुद्ध कुमार, दिलीप कुमार आदि संविदा कर्मी मौजूद रहे।

# खुद के स्वभाव में बदलाव से आती स्वच्छता: ईओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 61वें अभियान में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन के जारी अभियान में ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता स्वतंत्रता से भी ज्यादा जरूरी है। खुद के स्वभाव में खुद बदलाव करना चाहिए।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी ने कामदगिरि पर्वत में सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए। बच्चों को भी सफाई का महत्व



बताना चाहिए। होने वाली गन्दगी से बीमारियों से बचाव के उपाय बताये। स्वच्छता के प्रति सभी लोगों को जिम्मेदारी समझनी चाहिए। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि अपने आसपास सफाई रखना सभी लोगों की नैतिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता ऐसा कार्य है जो किसी के दबाव में नहीं करना पडता। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि अपनी आदत में साफ-सफाई को महत्व देना चाहिए।

आज के अभियान में खासतौर पर कृष्णा शुक्ला, अंजू वर्मा, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, जितेन्द्र, शुभम केशरवानी, रोहित त्रिवेदी, अंकुर केशरवानी, दीपक द्विवेदी, जानकी कुशवाहा, विनोद व नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

# न्यूज झरोखा

## न्याय चक्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय स्तरीय मीटिंग का होगा आयोजन

**एटा। न्याय चक्र** फाउंडेशन ऐसा संगठन है जो पीड़ित एवं असहाय व्यक्तियों को निशुल्क तरीके से न्याय दिलाता है। न्याय चक्र फाउंडेशन के प्रदेश वरिष्ठ मीडिया प्रभारी समीम खान ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे संगठन का उद्देश्य है अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना। कार्यक्रम में हमारे एटा की टीम भी उपस्थित होगी।

हमारा संगठन भारत के उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, पंजाब, हरियाणा, तमिलनाडु जैसे समस्त राज्यों में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। जनपद हाथरस के सासनी में न्याय चक्र फाउंडेशन का राष्ट्रीय लेवल का कार्यक्रम 7 अप्रैल 2023 को सुनिश्चित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण पांडेय रहेंगे। इस कार्यक्रम में संगठन को मजबूत एवं भ्रष्टाचार और अन्याय को रोकने के बारे में चचाएं होंगी जिसमें राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल, जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## अन्तर्राज्यीय गिरोह के चार शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चार लक्जरी कार बरामद

**गाजियाबाद। थाना** विजयनगर पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गिरोह के चार शातिर वाहन चोरों को मुखबिर की सूचना पर मेडिकल तिराहे से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की चार लक्जरी कार बरामद हुई है। अभियुक्त गाड़ियों को टारगेट कर उनकी रैकी कर चोरी करते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम शाहिद उर्फ मुल्ला निवासी मोती मस्जिद के पास थाना कोतवाली गाजियाबाद, राजेश शर्मा उर्फ पंडित निवासी दहतौरा जिला आगरा, शौकीन निवासी पार्षद वाली गली मिजार्पुर थाना विजयनगर व महावीर प्रसाद निवासी बड़ा मंदिर के पास भीलवाड़ा राजस्थान है।

जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को थाना विजयनगर पर चोरी की गई फॉरच्युनर कार के संबंध में मामला दर्ज किया गया था जिस में चोरी की गई कार की बरामदगी और अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई थी। मामले में पुलिस ने मेडिकल तिराहे से मुखबिर की सूचना पर चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से पूर्व में पंजीकृत अभियोग से संबंधित फॉरच्यूनर कार सहित अन्य तीन कार बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार छह शातिर चोरों का वाहन चोरी का बड़ा गैंग एनसीआर क्षेत्र में पॉश कालोनियों में खड़ी लक्जरी गाड़ियों को टारगेट कर उनकी रैकी कर चोरी करते हैं और इन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा व दिल्ली आदि राज्यों में बेचकर आर्थिक लाभ कमाते हैं।

यह गैंग काफी दिनों से गाजियाबाद में सक्रिय होकर थाना क्षेत्र से चोरी की गई फॉरच्यूनर कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर गाजियाबाद एनसीआर में चोरी करने आता था। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की चार कार बरामद हुई है। अभियुक्तों के दो अन्य साथी मौके से फरार हो गए हैं जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। अभियुक्त वाहिद उर्फ मुल्ला पर थाना विजयनगर चोरी का एक मुकदमा दर्ज है और अन्य राज्यों में 9 मुकदमे दर्ज हैं। राजेश शर्मा उर्फ पंडित पर थाना विजय नगर में एक मुकदमा दर्ज है जबकि अन्य राज्य में 8 मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त शौकीन पर थाना विजयनगर में एक मुकदमा दर्ज है जबकि महावीर प्रसाद पर थाना विजय नगर में एक मुकदमा और भीलवाड़ा राजस्थान में एक मुकदमा दर्ज है।

## अवध विवि में ह्लमन की बात न जानै कोइह्ल पुस्तक का विमोचन

**अयोध्या। डॉ. राममन**ोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. कुलदीप चन्द अग्निहोत्री व विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल की मौजूदगी में साहित्य सेवाओं से सम्मानित प्रेम भूषण गोयल की रचित ह्लमन की बात न जानै कोइह्ल पुस्तक का विमोचन किया गया। इसमें मानवीय भावनाओं और संबंधों की कहानियां समाहित है जिसमें सामाजिक सरोकारों का चित्रण है। मौके पर प्रो. अग्निहोत्री ने बताया कि प्रस्तुत कहानी सग्रह में कहानीकार की समस्त 14 कहानियां मानव जीवन दर्पण के रूप में सुन्दर तरीकें से समाहित है। इसमें सभी पात्र विभिन्न स्थितियों, परिस्थितियों, अनुभूतियों और अनुभवों से परिपूर्ण परिलक्षित किए गए है। प्रो. कुलदीप अग्निहोत्री ने बताया कि लेखक की रचित कहानी में कुछ घटनाएं साधारण होने के साथ असाधारण संभावनाएं संजोये हुई है। इसे उद्घाटित करने के लिए स्थिति, स्थान और पात्रोनुकूल सरल-स्पष्ट भाषा का प्रयोग किया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने बताया कि ये कहानियां पंजाब से जुड़ी हुई है। वहां की मिट्टी की सोंधी खूशबू बसी हुई है। इसमें मानवीय भावनाओं व संबंधों की कहानियां है और सामाजिक सरोकारों का चित्रण है जो आमजनमानस के जीवन सघर्षों को छू जाती है। बताते चले कि साहित्य सेवाओं से सम्मानित प्रेम भूषण गोयल लेखक भाषा विभाग पंजाब से डिप्टी डायरेक्टर के पद पर रहे है। पिछले 60 वर्षों से साहित्य साधनारत है। अब तक उनके द्वारा 24 पुस्तकें लिखी जा चुकी है। उनकी पहली पुस्तक ह्लसाहे राखे वीर सिपाहीह्ल की प्रशंसा भारत के राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन जी द्वारा अपने हस्ताक्षरों से लिखे एक पत्र द्वारा की। उनकी दूसरी पुस्तक ह्लहाथीः हमारा साथीह्ल पर उन्हें गुरू हर कृष्ण पुरस्कार से नवाजा गया। राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने 1984 में राष्ट्रपति भवन से साहित्यिक सेवाओं के लिए उन्हें सम्मानित किया। 2006 में प्रेम भूषण जी को पंजाब सरकार की ओर से ह्लशिरोमणि साहित्यकारह्ल के सम्मान से विभूषित किया गया है। उनकी हिन्दी में रूल्दू की कहानियां, मन की बात न जानै कोइ, जलियावालां बागः कांड एवं कहानियां, मृगतृष्णा (काव्य संग्रह) नवचिंतन (अनुवाद) सहित अन्य पुस्तकें प्रकाशित है।

# विदेश संदेश

## बांग्लादेश में बस खाई में गिरी, 17 यात्रियों की मौत, 26 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश में एक यात्री बस के खाई में गिर जाने से 17 लोगों की मौत हो गई और 26 से अधिक घायल हो गए। शिबचर हाइवे पुलिस के स्थानीय अधिकारी अब्दुल्लाहेल बाकी ने बताया कि



यह हादसा राजधानी ढाका से करीब 63 किलोमीटर दक्षिण मदारीपुर जिले में रविवार सुबह साढ़े सात बजे हुआ। 14 यात्रियों की मौके पर और घायलों में से तीन की स्थानीय अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

## अमेरिकी परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रेडियोधर्मी पानी का रिसाव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्य मिनेसोटा के मोंटिसेलो स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र से लगभग चार लाख गैलन रेडियोधर्मी पानी का रिसाव हुआ है। मिनेसोटा प्रदूषण नियंत्रण एजेंसी ने कहा है कि एजेंसियां इस दूषित पानी को साफ करने के लिए एक्ससेल एनर्जी के कामकाज की निगरानी कर रही हैं। पिछले साल नवंबर के आखिर में एक्ससेल एनर्जी ने मिनेसोटा ड्यूटी ऑफिसर और यूएस न्यूक्लियर रेगुलेटरी कमीशन को रिसाव की सूचना दी थी। संयंत्र की विज्ञप्ति में कहा गया है कि रिसाव को रोक दिया गया है और दूषित पानी मिसिसिपी नदी या पेयजल स्रोतों तक नहीं पहुंचा है। संयंत्र के आसपास के पेयजल के लिए अभी खतरे का कोई संकेत नहीं है।

## काला सागर अनाज सौदे के विस्तार की संयुक्त राष्ट्र ने की पुष्टि

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने यूक्रेन के बंदरगाहों से अनाज, खाद्य पदार्थों और उर्वरकों के निर्यात की अनुमति देने वाले काला सागर अनाज सौदे के विस्तार की पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बयान में कहा है कि 22 जुलाई 2022 को इस्तांबुल में हस्ताक्षरित ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव को बढ़ा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि रूस और यूक्रेन ने सशस्त्र संघर्ष के बीच वैश्विक बाजारों में आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अनाज और उर्वरक निर्यात पर तुर्की और संयुक्त राष्ट्र के साथ अलग से इस्तांबुल में एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह सौदा 120 दिन के लिए प्रभावी था। इसे नवंबर 2022 के मध्य में और 120 दिन के लिए बढ़ाकर 18 मार्च कर दिया गया था।

## नेपाल में राष्ट्रीय शहीदों की सूची में एक जीवित व्यक्ति भी शामिल

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने राष्ट्रीय शहीदों की सूची में एक जीवित व्यक्ति को भी शामिल किया है। यह डोटी के चक्र बहादुर मतेली हैं। डोटी जिले के शहीदों की सूची में चक्र बहादुर का नाम 42वें नंबर पर है। वर्ष 2002 में कहा गया था कि उनकी मृत्यु हो गई है। बरचन छेड़ा में सेना के हमले में चक्र बहादुर के गले, मुंह और बांह पर तीन जगह गोली लगी थी। उल्लेखनीय है कि डोटी में 10 साल के सशस्त्र अभियान में कुल 63 माओवादी मारे गए थे। इन सभी को शहीद का दर्जा दिया गया है। एक दशक तक चले माओवादी सशस्त्र अभियान में जान गंवाने वाले 8000 से अधिक लोगों को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिया गया है । नेपाल के 77 जिला प्रशासन कार्यालयों से शहीदों की सूची मंगवाई गई थी। इस सूची को 13 मार्च को गजट में प्रकाशित किया गया है।

## ट्रंप ने अगले हफ्ते अपनी गिरफ्तारी की आशंका जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी गिरफ्तारी की आशंका जताई है। ट्रुथ सोशल पर अपनी पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कार्यालय से हुई अवैध लीक से संकेत मिलता है कि उन्हें अगले सप्ताह मंगलवार को गिरफ्तार किया जाएगा। ट्रंप ने इस पोस्ट में अपने समर्थकों से विरोध करने का आह्वान किया है।

# न्यायिक सुधारों के खिलाफ इस्राइल में बढ़ रहा विरोध, लगातार 11वें हफ्ते जारी हैं प्रदर्शन

**इस्राइल।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कट्टर-दक्षिणपंथी सरकार की न्यायिक सुधार योजनाओं के खिलाफ लगातार 11वें सप्ताह विरोध प्रदर्शन जारी हैं। फिर कस्बों और शहरों में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। नेतन्याहू की सरकार ने पदभार ग्रहण करने के कुछ दिनों बाद जनवरी में सुधारों की घोषणा की थी, जिसे लेकर पूरे इस्राइल में नियमित रूप से बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हा रहा है।

इस्राइली मीडिया के अनुसार, हाइफा, येरुशलम और बेर्शेबा सहित 100 से अधिक कस्बों और शहरों में हजार प्रदर्शनकारी निकले। दरअसल, प्रदर्शनकारियों को डर है कि पहले से ही संसद के माध्यम से चल रहे प्रस्तावित सुधार, अदालतों पर राजनेताओं की शक्ति में वृद्धि करेंगे, जो इस्राइली लोकतंत्र के लिए खतरा है। तेल अवीव के डिजेंगॉफ स्क्वायर में, हजारों प्रदर्शनकारियों ने इस्राइल के नीले और सफेद झंडे और साथ ही एलजीबीटीक्यू समुदाय के इंद्रधनुषी झंडे को भी लहराया। शहरों से निकले प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर जाम लगा दिया। एएफपी के एक फोटोग्राफर ने केंद्रीय तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन कर लोगों के हाथों में एक बैनर देखा जिस पर लिखा थाः 'देशद्रोही वामपंथी'। तेल अवीव में मुख्य रैली में शामिल होने वाले हर्जलिया शहर के एक सेवानिवृत्त 64 वर्षीय





नामा मजोर ने कहा कि वह 'खुद के लिए नहीं, बल्कि अपनी बेटियों और पोते-पोतियों के लिए चिंतित हैं÷। उन्होंने एएफपी को बताया, ÷हम इस्राइल को लोकतांत्रिक, बेशक यहूदी, लेकिन उदार रखना चाहते हैं। हम बहुत चिंतित हैं कि यह एक तानाशाही बनने जा रहा है। यहां कोई आधा लोकतंत्र नहीं है। हम या तो लोकतंत्र हैं या तानाशाही। बीच में कुछ भी नहीं है। तेल अवीव के 46 वर्षीय सगीव गोलान ने कहा कि सरकार नागरिक अधिकारों, महिलाओं के अधिकारों, एलजीबीटीक्यू अधिकारों और हर उस चीज़ को नष्ट करने की कोशिश कर रही है जिसके लिए लोकतंत्र खड़ा है। उन्होंने आगे कहा- हम लोकतंत्र की आवाज़ दिखाना चाहते हैं। अशदोद शहर में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए विपक्षी नेता यायर लापिड ने प्रस्तावित समझौते को खारिज करने के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि गठबंधन के सदस्य 'बातचीत नहीं चाहते, वे कानून के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं और इस्राइल को एक अलोकतांत्रिक राज्य में बदलना चाहते हैं।'

एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि तेल अवीव के उत्तर में हर्जलिया में कथित तौर पर प्रदर्शनकारियों के एक समूह में अपनी कार चलाने पर एक 57 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था।

वहीं एक एक अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विपक्षियों ने नेतन्याहू पर संभावित निर्णयों को खत्म करने के लिए सुधारों का उपयोग करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। हालांकि, प्रधानमंत्री ने इन आरोप को खारिज कर दिया है।

## दक्षिण कोरिया-अमेरिका के सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने फिर दागी मिसाइल, जापान के समुद्र में गिरी

**टोक्यो।** कोरियाई प्रायद्वीप में लगातार उत्तरी कोरिया द्वारा बेलिस्टिक मिसाइल के प्रयोग का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को समाचार एजेंसी योनहान ने दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के हवाले से खबर दी है कि उत्तर कोरिया ने कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी तट से दूर समुद्र की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी। हालांकि उन्होंने इसके बारे में तुरंत कोई विवरण नहीं दिया है। इससे पहले भी उत्तर कोरिया ने गुरुवार को कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में एक संदिग्ध अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी। बता दें कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाएं 11-दिवसीय संयुक्त सैन्य अभ्यास



कर रही हैं, जिसे 'फ्रीडम शील्ड 23' करार दिया गया है। ऐसे में उत्तर कोरिया बार-बार समुद्री क्षेत्रों में मिसाइलें दाग उनके इस अभ्यास में खलल डालने की कोशिश में लगा हुआ है। उत्तर कोरिया द्वारा दागी गई इस मिसाइल पर जापान कोस्ट गार्ड ने अनुमान लगाया कि यह मिसाइल बैलिस्टिक मिसाइल भी हो सकती है।

## 14 साल बाद नेपाल में हो रहा छात्र संघ चुनाव

**काठमांडू।** नेपाल में 14 साल बाद रविवार को सबसे पुराने त्रिभुवन विश्वविद्यालय सहित संबद्ध परिसरों में छात्र संघ चुनाव के लिए वोट डाले जा रहे हैं। चुनाव में छात्रों का उत्साह देखने लायक है। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ है, जो शाम चार बजे तक चलेगा। 14 साल बाद विश्वविद्यालय की 60 शाखाओं और 1040 परिसरों में से अधिकांश स्थलों पर मतदान की प्रक्रिया चल रही है। कुछ मामलों में विवाद के कारण कई जगह पर मतदान स्थगित कर दिया गया है। स्वतंत्र गुट के छात्र नेता कृष्ण प्रसाद हुमागाई ने पार्टियों पर चुनाव हारने के डर से विभिन्न परिसरों में छात्रों को मतदान से रोकने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि




नेपाल में हर दो साल पर छात्र संघ चुनाव की परंपरा रही है। लेकिन, वर्ष 2008 के बाद से नेपाल में छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं। इसका चौतरफा विरोध हो रहा है। उम्मीद है कि इस बार काठमांडू घाटी और प्रमुख शहरों में होने वाले कैंपस चुनाव में स्वतंत्र छात्र गुट प्रमुख राजनीतिक दलों से संबद्ध छात्र संघ को कड़ी चुनौती देगा। छात्र संघ चुनाव से पहले विभिन्न परिसरों में झड़प की भी खबर है।

## गिरफ्तारी वारंट से बेफिक्र रूसी राष्ट्रपति, पहली बार यूक्रेन के मारियूपोल शहर पहुंचे पुतिन

**टोक्यो।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को एक साल से ज्यादा का समय हो चुका है। यूक्रेन के कई शहर पूरी तरह से तबाह हो चुके हैं। रूस पर दुनियाभर के कई देशों ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने यूक्रेन में युद्ध अपराधों के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट तक जारी कर दिया है। लेकिन इन सबके बावजूद पुतिन पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। रविवार को पुतिन अचानक से यूक्रेन के मारियुपोल शहर पहुंच गए। इस शहर पर रूसी सेना ने पूरी तरह से कब्जा कर रखा है। यूक्रेन के डोनेट्स्क राज्य में पड़ने वाले इस शहर पर पिछले साल मई से रूस का कब्जा है।

**कार चलाकर पूरा शहर घूमे, लोगों से बात भी की**

रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहले क्रीमिया पहुंचे। यहां से हेलीकॉप्टर के जरिए अचानक यूक्रेन के



मारियुपोल शहर पहुंच गए। पुतिन ने खुद कार चलाकर मारियुपोल शहर के कई इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से बात भी की। मारियुपोल के समुद्र तट की भी जांच की।

**और क्या रहा खास?**

मारियुपोल में व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में अपने सैन्य अभियान के शीर्ष कमान से भी मुलाकात की। रूसी नेता ने चीफ ऑफ जनरल स्टाफ वालेरी गेरासिमोव से मुलाकात की जो यूक्रेन में रूस के आक्रमण के प्रभारी हैं। दोनों के बीच हुई बैठक दक्षिणी रूस में रोस्तोव-ऑन-डॉन कमांड पोस्ट पर हुई।

**ICC ने जारी किया है गिरफ्तारी वारंट**

अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने यूक्रेन में युद्ध अपराधों के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने कहा- पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध अपराध किए हैं। वो यूक्रेनी बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के अपराध के लिए जिम्मेदार हैं। हालांकि, रूस ने युद्ध अपराधों के आरोपों से इनकार किया है। वारंट पर यूक्रेन की तरफ से भी प्रतिक्रिया दी गई है। युद्धग्रस्त देश ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है। वारंट के बाद अब पुतिन के सामने और भी मुश्किल चुनौतियां आने वाली हैं।

## इमरान के घर पर हुई पुलिस बर्बरता राजकीय आतंकवादः पीटीआई

**लाहौर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के जमान पार्क आवास पर 24 घंटे पहले हुई पुलिस बर्बरता को राजकीय आतंकवाद की संज्ञा देते हुए उसकी कड़ी निंदा की। यहां के प्रमुख अखबार डॉन ने अपनी वेबसाइट पर जमान पार्क पर हुई पूरी घटना को लेकर विस्तृत रिपोर्ट प्रसारित कर पीटीआई नेता फवाद चौधरी के हवाले से यह टिप्पणी की।



फवाद चौधरी ने आरोप लगाया है कि यह सब पीएमएल-एन नेता मरियम नवाज के इशारे पर किया गया। उल्लेखनीय है कि इमरान खान के घर से इस्लामाबाद रवाना होने के बाद पुलिस के सैकड़ों जवान घुस गए थे। इमरान खान की बहन डॉ. उजमा खानम ने दावा किया है पुलिस बिना वारंट के उनके आवास पर घुसी। पुलिस ने घर पर मौजूद महिलाओं और नौकरों को परेशान किया। पुलिस ने अदालत के आदेश की धज्जियां उड़ा दीं। इमरान खान को कल इस्लामाबाद की एक अदालत में तोशखाना मामले में पेश होना था। अदालत परिसर के बाहर हाजिरी लगाने के बाद खान को वापस जाने की अनुमति दे गई। इससे पहले अदालत परिसर के बाहर खान समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों के बीच टकराव हुआ। पीटीआई नेताओं का दावा है कि इमरान खान के इस्लामाबाद रवाना होते ही पंजाब प्रां पुलिस के 10 हजार से अधिक जवान आवास पर घुस गए। दर्जनों समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। प्रवेश द्वार पर लगे बैरिकेड्स और टेंट उखाड़ दिए। डेरा डाले सैकड़ों समर्थकों को लाठियां बरसाकर खदेड़ दिया गया।

## 'ताइवान युद्ध' में अमेरिका का साथ देने की प्रतिबद्धता नहीं, ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम का चौंकाने वाला बयान

**मेलर्बन।** ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लस ने ताइवान की स्थिति पर बातचीत करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने ऑकस वार्ता में अमेरिका को कोई प्रतिबद्धता नहीं दी है। रिचर्ड मार्ल्स ने यह टिप्पणी अपनी बहु-दशक योजना का बचाव करते हुए की। दरअसल, अमेरिका और ब्रिटेन की मदद से अब और मध्य अंतर को भरने का प्रयास करता है। मार्ल्स,उपप्रधानमंत्री के साथ रक्षा मंत्री भी हैं। उन्होंने रविवार



को कहा कि चीन का तेजी से सैन्य निर्माण उस रणनीतिक परिदृश्य को आकार देता है जिसमें हम रहते हैं। उन्होंने एबीसी के इनसाइडर कार्यक्रम को बताया कि ऑकस पनडुब्बियां दक्षिण चीन सागर में व्यापार और नेविगेशन की स्वतंत्रता और उड़ान की रक्षा में ऑस्ट्रेलिया की रुचि का समर्थन करेंगी। मार्ल्स ने कहा कि वह ताइवान पर भविष्य के संघर्ष के बारे में अनुमान नहीं लगाएंगे । यह 24 मिलियन लोगों का एक स्व-शासित लोकतंत्र है जिसे चीन ने बलपूर्वक लेने से इंकार नहीं किया है। एबीसी के डेविड स्पीयर्स ने मार्ल्स से पूछा कि क्या ऑस्ट्रेलिया ने स्पष्ट रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका को एक प्रतिबद्धता दी थी कि वह वर्जीनिया-श्रेणी की पनडुब्बियों तक पहुंच के बदले में ताइवान पर संघर्ष की स्थिति में सहयोगी के तौर पर शामिल होगा। मार्ल्स ने कहा- इसका उत्तर निश्चित रूप से नहीं है। बिल्कुल नहीं - और न ही किसी की तलाश की गई थी। मैंने कई टिप्पणीकारों से अनुमान सुना है, लेकिन यह सरासर गलत है। इस बात की पुष्टि करने के लिए दबाव डाला गया कि कोई प्रतिफल नहीं था, मार्ल्स ने कहाः बिल्कुल नहीं। और मैं इससे ज्यादा स्पष्ट नहीं हो सकता। मार्ल्स ने दोहराया कि 2030 के दशक की शुरुआत में उन वर्जीनिया-श्रेणी की पनडुब्बियों में से पहली पर एक झंडा होगा। यह वह क्षण होगा जब पनडुब्बी ऑस्ट्रेलियाई सरकार के पूर्ण नियंत्रण में होगी।चीन के विदेश मंत्री किन गैंग ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि ताइवान 'पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के पवित्र क्षेत्र का हिस्सा था । उन्होंने इसके साथ संघर्ष और टकराव' की चेतावनी भी दी, अगर अमेरिका ने 'ब्रेक नहीं मारा, लेकिन गति को कम करना जारी रखा, तो यह गलत पथ होगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## इक्काडोर में 6.8 तीव्रता का भूकंप : 12 की मौत, कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

**इक्काडोर।** साउथ अमेरिकी देश इक्काडोर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर तीव्रता 6.8 रही। 13 लोगों की मौत हो गई। स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का सबसे ज्यादा असर गुयास में हुआ। ये कोस्टल इलाका है। भूकंप का केंद्र यहां से 80 किलोमीटर दूर ग्वायाक्विल शहर में था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। भूकंप इतना तेज था कि इसके झटके पड़ोसी देश पेरू में भी महसूस किए गए। कई घर तबाह हो गए। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इक्काडोर में 12 लोगों की मौत हुई है। पेरू में 1 व्यक्ति की जान गई है।लोगों ने सोशल मीडिया पर भूकंप के बाद की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं। इनमें भारी नुकसान देखा जा सकता है।

**2017 में भी आया था क्रॉस-बॉर्डर भूकंप**

2017 में ईरान-इराक में क्रॉस-बॉर्डर भूकंप आया था। इराक के कुर्दिश शहर हलाबजा से



इरान के कर्मानशाह प्रांत में झटके महसूस किए गए थे। इसमें 630 लोगों की मौत हुई थी। 8 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

6 फरवरी 2023 को भी तुर्किये-सीरिया में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। दोनों देशों में भारी तबाही हुई। तुर्किये में 44,374 लोगों की जान गई। सीरिया में 5,951 लोग मारे गए। तुर्किये-सीरिया में 6 फरवरी को सुबह 3 बड़े भूकंप आए थे।

**दुनिया में हर साल 20,000 हजार भूकंप आते हैं**

हर साल दुनिया में कई भूकंप आते हैं, लेकिन इनकी तीव्रता कम होती है। नेशनल अर्थक्वेक इंफोर्मेशन सेंटर हर साल करीब 20,000 भूकंप रिकॉर्ड करता है। इसमें से 100 भूकंप ऐसे होते हैं जिनसे नुकसान ज्यादा होता है। भूकंप कुछ सेकेंड या कुछ मिनट तक रहता है। अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा देर तक रहने वाला भूकंप 2004 में हिंद महासागर में आया था। यह भूकंप 10 मिनट तक रहा था। न्यूजीलैंड के करमाडेक आईलैंड में गुरुवार सुबह भूकंप आया। US जियोलॉजिकल सर्वे ( के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.1 रही। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर अंदर था। हालांकि, नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी का कहना है कि तीव्रता 6.8 थी और केंद्र जमीन से 41 किलोमीटर नीचे था। तुर्किये में सोमवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 आंकी गई। झटके लेबनान और इजराइल तक महसूस हुए। स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 8.30 बजे से 10 सेकंड तक झटके महसूस किए गए।

## गुजरात : नवसारी के वांसी बोरसी में बनेगा 1142 एकड़ में मेगा टेक्सटाइल पार्क

**सूरत/नवसारी।** एक जमाने में मफतलाल ग्रुप के कारण नवसारी का नाम कपड़ा उद्योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय फलक पर था। बाद में नवसारी को काफी पीछे छोड़ सूरत ने वह मुकाम हासिल किया, जो उसे राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ला खड़ा किया। सूरत को टेक्सटाइल सिटी, सिल्क सिटी के नाम से जाना जाता है, लेकिन अब वर्षों बाद एक बार फिर नवसारी का नाम कपड़ा उद्योग को लेकर चर्चा में है। केन्द्र सरकार ने पिछले बजट में देश भर में बनाए जाने वाले 7 पीएम मित्रा पार्क में नवसारी को भी शामिल किया है। पिछले दिनों इसका नोटिफिकेशन जारी होने के साथ इसे तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नवसारी के समीप वांसी बोरसी में 1142 एकड़ जमीन में पीएम मित्रा योजना अंतर्गत मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाया जाएगा। यहां एक बाउंड्री के अंदर कपड़ा व्यापार से जुड़ी तमाम गतिविधियां मौजूद रहेंगी। इसमें स्पीनिंग से लेकर वीविंग, डाइंग, प्रिंटिंग, टेक्क्यूराइजिंग, पैकेजिंग, वैल्यूएडिशन, टेक्निकल टेक्सटाइल, मशीनरी मैन्यूफैक्चरिंग आदि शामिल रहेंगी। इससे करीब 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा और 50 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। केन्द्र सरकार की ओर से 300 करोड़ रुपये सीआईएस के रूप में दिए जाएंगे। सूरत में रोजाना 5 करोड़ मीटर कपड़े का उत्पादन होता है। सालाना 50 हजार से 60 हजार करोड़ रुपये का रेडी गुड्स का कारोबार है। यदि वीविंग, स्पीनिंग के सालाना टर्न ओवर जोड़े तो यह एक लाख करोड़ रुपये को भी पार कर जाएगा।